उज्जैन
सोमवार
26
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-352
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 इंदौर में राहुल गांधी का पुतला दहन मंत्री खरगे के खिलाफ भी नारेबाजी

7 भारत मेडल टैली में चौथे नंबर पर रहा, 114 मेडल जीते



हम हिंदू हैं, हमारे यहां तलाक शब्द नहीं है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एक्टर गोविंदा ने पत्नी सुनीता आहूजा की तलाक की अर्जी वापस लेने से जुड़े सवाल पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हम हिंदू हैं और हमारे यहां तलाक शब्द नहीं है। गौरतलब है कि गोविंदा पिछले कई दिनों से अपनी निजी जिंदगी और पत्नी सुनीता के साथ रिश्तों को लेकर चर्चा में हैं। एबीपी न्यूज के साथ बातचीत में गोविंदा ने अपने रिश्ते और पत्नी की ओर से लगाए जा रहे आरोपों को लेकर रिएक्शन दिया। हालांकि, उन्होंने कई सवालों पर सीधे जवाब देने के बजाय इशारों में अपनी बात कही। गोविंदा ने साफ किया कि वह किसी को सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा नहीं करना चाहते। उनका कहना है कि जिंदगी में कई बार ऐसे हालात बनते हैं, जब इंसान को अपने रिश्तों और परिस्थितियों को समझते हुए धैर्य रखना पड़ता है। इंटरव्यू के दौरान गोविंदा से पूछा गया कि सुनीता पहले कहती थीं कि अगर उनके पति के चार-पांच अफेयर्स और होते तो अच्छा होता, लेकिन अब वही उन पर गंभीर आरोप क्यों लगा रही हैं?

देश

- **बेंगलुरु** की आईटी कंपनियों को डीके शिवकुमार की चेतावनी, कन्नड़ भाषियों को नौकरी में नजरअंदाज किया तो होगी कार्रवाई
- **सूरत** में डिलीवरी ब्वॉय ने चुराए 4 लाख से ज्यादा के पार्सल, आईफोन, जींस से लेकर टूथपेस्ट तक किये गायब
- **डबल डेकर** फ्लाईओवर के लोकार्पण पर लगा ब्रेक, 175 करोड़ की लागत से बना ब्रिज अब दीपावली से पहले होगा शुरू
- **जेडीयू** से निष्कासन पर अनंत सिंह का पलटवार, बोले- अपनी पार्टी बनाएंगे, नीतीश कुमार के बाद कुछ नहीं बचा
- **पूर्व जस्टिस** कौल बोले- सीजेआई चंद्रचूड़ सरकार के सामने झुके, जजों की नियुक्ति पर रवैये की आलोचना की, रिटायरमेंट के ढाई साल बाद किताब लिखी

विदेश

- **ब्राजील** में लूला चौथी बार राष्ट्रपति बने, बोल्सोनारो से पहले राउंड में पिछड़ने के बाद जीते, 2022 में इनके पिता को हराया था
- **पोस्ट लाइक** करके यूजर को भेज सकेंगे $1 टिप, मस्क ने अमेरिका के लिए एक्स मनी टिपिंग फीचर का ऐलान किया
- **ट्रम्प बोले-** ईरान के नेताओं को मारना रोकना होगा, बातचीत किससे करें, वहां कोई नेता ही नहीं बचा
- **यमन में** हूती विद्रोहियों पर 753 हमले, सेना का दावा- 218 लड़ाके और कमांडर मारे गए, अब तक 78 सैन्य वाहन भी तबाह

व्यापार

- **शेयर बाजार** में इस हफ्ते 5 आईपीओ आएंगे, कंपनियां टोटल 2,600 करोड़ जुटाएंगी, 26 से 29 अक्टूबर के बीच ओपन होंगे
- **विदेशी निवेशकों** ने अक्टूबर में भारतीय-बाजार से 48,056 करोड़ निकाले

कार्टून..



सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज ने पीस बॉन्ड साइन करने को लेकर निशाना साधते हुए किया दावा

दीपके का करियर खत्म, मैं सिर्फ नेहा की इज्जत करता हूं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई



सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज और सोशल मीडिया पर लगातार सुर्खियों में रहने वाले मार्कंडेय काटजू ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के अभिजीत दीपके समेत चार नेताओं के पीस बॉन्ड साइन करने को लेकर उन पर निशाना साधा है और दावा किया है कि इससे उनका करियर खत्म हो गया। काटजू ने आइसा की छात्रनेता नेहा बोरा की पीस बॉन्ड साइन न करने के लिए तारीफ की और कहा है कि वह उनकी इज्जत करते हैं।

मार्कंडेय काटजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "कॉकरोच जनता पार्टी के चार टॉप लीडर, अभिजीत दीपके, सौरभ दास, आशुतोष रांका और अजिंक्य शिंदे सभी ने पीस बॉन्ड पर साइन किए हैं, जिसका मतलब है कि वे किसी भी पब्लिक प्रदर्शन में शामिल नहीं हो सकते, नहीं तो पुलिस कहेगी कि उन्होंने शांति भंग करके अपने बॉन्ड तोड़े हैं और उन्हें गिरफ्तार कर लेगी। इसके बाद लंबे समय के लिए जेल में बंद कर देगी। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज ने आशंका जताई कि पीस बॉन्ड पर साइन करने की वजह से चारों का पब्लिक करियर अब खत्म हो गया है। उन्होंने आगे कहा, "मेरी राय में पीस बॉन्ड पर साइन करने से इन चार लोगों का पब्लिक करियर खत्म हो गया है, क्योंकि जनता की नजर में उनकी सारी क्रेडिबिलिटी खत्म हो गई है, जो अब उन्हें कायर मानती है जो जेल जाने से डरते हैं। असल में, उन्हें सहयोगी माना जाएगा, क्योंकि उन्हें उन लोगों की तरह माना जाएगा जिन्हें ब्रिटिश अधिकारियों ने जेल में डाला था, और जिन्हें माफी मांगने पर रिहा कर दिया गया था।

अभिजीत दीपके को झटका, बड़े नेता ने समर्थन लिया वापस; सीजेपी से बनाई दूरी

भारतीय जनता पार्टी छोड़ चुके के अन्नामलाई ने अब कॉकरोच जनता पार्टी को लेकर भी रुख बदल लिया है। उन्होंने कहा है कि वह कभी भी सीजेपी का समर्थन नहीं करते हैं। खास बात है कि हाल ही में उन्होंने कहा था कि वह सवाल उठाने को लेकर सीजेपी का समर्थन करते हैं। खास बात है कि अन्नामलाई ने जून में भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। वह तमिलनाडु में पार्टी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पूर्व कद्दर दक्षिण भारतीय राज्य में भाजपा के पोस्टर बॉय बनकर उभरे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गुरुवार को अन्नामलाई ने कहा, 'हमने कभी भी कॉकरोच जनता पार्टी का समर्थन नहीं किया है। उनका एजेंडा अलग है, हमारा एजेंडा अलग है।

मैं सिर्फ नेहा बोरा की इज्जत करता हूं- काटजू ने नेहा बोरा की तारीफ की। उन्होंने कहा, "मैं सिर्फ नेहा बोरा की इज्जत करता हूं जिन्होंने पीस बॉन्ड देने से मना कर दिया है, क्योंकि उनका कहना है कि शांति से प्रदर्शन करना उनका कॉन्स्टिट्यूशनल हक है। मैं अभिजीत दीपके और बाकी 3 सीजेपी नेताओं को गैंग ऑफ फोर कहता हूं। उनके बारे में एक दोहा है- जब पड़ी मार शमशीरन की तो महाराज मैं नाई हूं।" बता दें कि दिल्ली में एक विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एसईएम) ने बुधवार को कॉकरोच जनता पार्टी के नेता सौरभ दास और आशुतोष रांका को रिहा करने का आदेश दिया था।

खरगे के 'मोदी का बाप भी जाएगा' बयान से भड़की बीजेपी

आज देशभर में प्रदर्शन का ऐलान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा पीएम मोदी को लेकर दिए गए बयान की भाजपा ने निंदा की है। इसके साथ ही केंद्रीय सत्ताधारी पार्टी ने कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ देश भर में प्रदर्शन का ऐलान किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ भाजपा ने हल्ला बोल का ऐलान कर दिया है। बिहार में एक सभागार में 'मोदी का बाप भी जाएगा' वाले बयान को भाजपा ने 'अभद्र और अमर्यादित' करार देते हुए आज देश भर में इसके खिलाफ प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। भाजपा की तरफ से कहा गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष के इस बयान के खिलाफ सोमवार को पार्टी देश के सभी राज्यों में प्रदर्शन करेगी।

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा की तरफ से जारी बयान में सभी राज्यों में प्रदर्शन करने का ऐलान किया गया है। बयान में कहा गया, पटना में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता के बारे में अभद्र टिप्पणी की गई। इसके विरोध में भारतीयजनता पार्टी देश भर के सभी राज्य मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन करेगी।

खरगे के खिलाफ भाजपा ने खोला मोर्चा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मामले में कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि खरगे जी जैसे व्यक्ति से उम्मीद की जाती है कि वह ऐसी अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं करेंगे। उन्होने कहा, प्रधानमंत्री जी के पिताजी के बारे में की गई टिप्पणियों से मेरा मन बहुत व्यथित है। खड़गे जी जैसे व्यक्ति से यह उम्मीद की जाती थी कि वे अमर्यादित नहीं होंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री ने इस मामले में सोनिया गांधी को लपेटते हुए कहा कि क्या उनके इशारे पर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने इस तरह की भाषा का प्रयोग किया है? उन्होंने कहा, मैं सोनिया गांधी जी से पूछना चाहता हूं कि क्या मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने प्रधानमंत्री जी के पूज्य पिताजी के लिए इस भाषा का इस्तेमाल उनके इशारे पर किया है? क्या राहुल गांधी और गांधी परिवार के इशारे पर किया है? अगर नहीं किया है, तो क्या मल्लिकार्जुन खड़गे इस्तीफा देंगे? भाजपा प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने भी इस मामले में कांग्रेस अध्यक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, आज मल्लिकार्जुन खड़गे, जो कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष हैं, ने पटना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक ली। जब वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे, उसी समय कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता मंच के नीचे खड़े हो गए और उन्होंने खड़गे जी की कुछ बातों पर आपत्ति जताई। उनमें से एक कांग्रेस कार्यकर्ता ने कहा कि, मोदी कहीं नहीं जाने वाले हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता खड़े हुए और उनमें से एक कार्यकर्ता ने स्पष्ट रूप से कहा कि हमारे नॉन-फंक्शनिंग अध्यक्ष तो हमेशा छुट्टी पर रहते हैं। ऐसे में कांग्रेस पार्टी चुनाव कैसे जीत पाएगी? मोदी कहीं नहीं जाने वाले हैं। मुझे बहुत दुख हुआ, जिस प्रकार की प्रतिक्रिया मल्लिकार्जुन खड़गे की थी। खड़गे जी ने कहा, मोदी का बाप भी जाएगा। भाजपा नेता ने तंज कसते हुए कहा कि वह मानते हैं कि यह सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने कहलवाया है। यह बहुत ही निंदनीय है और मुझे लगता है कि आज कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता को पता है कि वास्तविकता क्या है। यह कांग्रेस पार्टी में रिजीम चेंज के फ्रस्ट्रेशन का परिणाम है।

रायपुर-बिलासपुर हाइवे पर खड़े ट्रक से टकराई तेज रफ्तार बस

3 यात्रियों की मौत, 10 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। आज फिर एक बड़ा हादसा हुआ है। रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे नंबर 130 पर भीषण सड़क हादसा हुआ। सोमवार की सुबह बलौदाबाजार जिले के दरचुरा के पास तेज रफ्तार बस खड़े ट्रक के अंदर जा घुसी। इस वजह से तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 10 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ भी सकती है। यह सड़क दुर्घटना सिमगा थाना क्षेत्र की है।

यह सड़क दुर्घटना सोमवार सुबह करीब 5:30 बजे हुई। अंबिकापुर से यात्रियों को लेकर रायपुर की ओर जा रही रॉयल कंपनी की बस (सीजी 04 एनएम 0859) हादसे का शिकार हो गई। ग्राम दरचुरा से ठीक पहले स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास मुख्य मार्ग पर एक खराब ट्रक खड़ा था। बस सीधे खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। दुर्घटना के समय बस में करीब 22 यात्री सवार थे।

गैस कटर से निकाले गए घायल

हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और बचाव दल की टीम ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। टक्कर के कारण बस का ढांचा बुरी तरह मुड़ गया था, जिससे यात्री अंदर ही फंस गए थे। बचाव दल ने फंसे हुए घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए तुरंत गैस कटर का प्रयोग किया। बस की चादर को काटकर घायलों को बाहर निकाला गया और उपचार के लिए शासकीय अस्पताल सिमगा भेजा गया। पुलिस हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्तियों और घायलों की पहचान करने की कार्रवाई में जुटी है।

अंबिकापुर से आ रही थी बस

जानकारी के मुताबिक, रॉयल ट्रैवल्स की बस सोमवार की सुबह अंबिकापुर से यात्रियों को लेकर रायपुर के लिए निकली थी। सफर में अधिकतर यात्री नींद में थे। घटना के दौरान बस में करीब 22 यात्री सवार थे। सड़क पर तेज रफ्तार में दौड़ रही बस दरचुरा के पास खड़े ट्रक में जा घुसी। ऐसे में यात्रियों को संभलने का मौका तक नहीं मिल पाया। घटना के बाद चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। सूचना पर डायल 112 की टीम और सिमगा पुलिस मौके पर पहुंची। बस के अंदर कई लोग गंभीर रूप से घायल थे। सामान बिखरा पड़ा था।

तिब्बत में फिर भूकंप, तीव्रता 5.9 रही

पिछले 5 दिनों में दूसरा बड़ा भूकंप, चीन और नेपाल में भी झटके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तिब्बत

तिब्बत में रविवार को 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। इसकी गहराई जमीन से 9 किलोमीटर नीचे थी। तिब्बत में पिछले 5 दिनों में यह दूसरा बड़ा भूकंप आया है। इससे पहले 22 अक्टूबर को तिब्बत में 7 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें 16 लोगों की मौत हुई थी। वहीं, चीन के चिंघाई इलाके में 5.7 और नेपाल में भी 4.2 तीव्रता के झटके महसूस किए गए।

तिब्बत में पहले भी भूकंप मचा चुके तबाही- तिब्बत दुनिया के उन इलाकों में शामिल है, जहां भूकंप आने का खतरा ज्यादा रहता है। यहां भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटें आपस में टकराती हैं। इनकी हलचल से हिमालय पर्वत बना है, लेकिन इसी वजह से इलाके में भूकंप भी आते रहते हैं। जनवरी 2025 में तिब्बत के तिंगरी काउंटी में 7.1 तीव्रता का भूकंप आया था। इसमें तिब्बत में करीब 400 लोगों की मौत हुई थी, जबकि पड़ोसी नेपाल में 13 लोगों की जान गई थी। इसके झटके उत्तर भारत समेत दक्षिण एशिया के कई हिस्सों में महसूस किए गए थे। इससे पहले 2010 में पड़ोसी चीनी प्रांत छिंगहाई के युशू में 7.1 तीव्रता का भूकंप आया था। इसमें कम से कम 2,698 लोगों की मौत हुई थी और करीब 300 लोग लापता हो गए थे।

तिब्बत में भूकंप क्यों आते हैं?

- जमीन के नीचे दो बड़ी प्लेटें हैं। भारत की प्लेट और यूरेशिया की प्लेट।
- भारत की प्लेट धीरे-धीरे उत्तर की ओर बढ़ रही है और यूरेशिया की प्लेट को धक्का दे रही है।
- दबाव की वजह से जमीन के नीचे की चट्टानों में हलचल होती है।
- जब चट्टानें अचानक खिसकती हैं, तो जमीन हिलने लगती है। इसे ही भूकंप कहते हैं।
- तिब्बत में जमीन के नीचे मौजूद दरारों में दबाव जमा होता रहता है।

हैदराबाद में गर्मी जैसा जलसंकट, 233% बढ़ी टैंकरों की मांग

20 हजार बोरवेल सूखे, बासर यूनिवर्सिटी में क्लासेज ऑनलाइन होंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद

तेलंगाना के हैदराबाद में मानसून बीतने के महज 17 दिन बाद ही गर्मियों जैसा जलसंकट खड़ा हो गया है। शहर में आमतौर पर मार्च से पानी के टैंकरों की मांग बढ़ती थी, लेकिन इस बार अक्टूबर में ही रोजाना 8 हजार टैंकर बुक हो रहे हैं।

जल बोर्ड के मुताबिक, अक्टूबर में अब तक 62,565 टैंकर बुक हुए, जबकि पिछले साल इसी दौरान 18,806 बुकिंग हुई थीं। यानी मांग 233% बढ़ गई है। बोडुप्पल इलाके में बीते साल की तुलना में 22 गुना टैंकरों की मांग बढ़ी है। यह संकट इसलिए भी असामान्य है, क्योंकि गर्मियों का मौसम अभी 5 महीने दूर है।

पानी की कमी के चलते अब तेलंगाना की बासर यूनिवर्सिटी में सोमवार से क्लासेज ऑनलाइन होंगी। यहां रोज 25 लाख लीटर पानी की जरूरत है, लेकिन 10 लाख लीटर ही मिल रहा है।



घरों में बिस्तर के नीचे बोरवेल लगा पानी चोरी कर बेच रहे थे- सबसे ज्यादा मार शहर के तेजी से बढ़ते रिहायशी व आईटी इलाकों पर पड़ी है। अपार्टमेंट, दफ्तर व अन्य की टैंकरों पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। 20 हजार बोरवेल सूख चुके हैं। वहीं, जलाशयों में घटता पानी चिंता बढ़ा रहा है। जल बोर्ड ने पानी की खपत 20% घटाने की अपील की है।

पानी की कमी के बीच कुछ इलाकों में अवैध रूप से पानी बेचने के मामले भी सामने आ रहे हैं। सुन्नम चेरुवु झील के आसपास कुछ घरों में बिस्तर के नीचे और रसोई के भीतर बोरवेल लगाए गए थे।

पानी पाइपलाइनों के जरिए स्टोरेज टैंकों तक पहुंचता था। फिर बड़े टैंकरों में भरकर बेचा जा रहा था। ड्रोन की मदद से इस कथित नेटवर्क का पता चला। 15 बोरवेल और उनसे जुड़ी पाइपलाइनें हटाई गई हैं।

इस साल 27% कम बारिश, 1 साल में जलस्तर 22 फीट नीचे

हैदराबाद में इस बार बारिश इतनी कम हुई कि मानसून भी भूजल की कमी पूरी नहीं कर सका। शहर में सामान्य 627 मिमी के मुकाबले 27% कम यानी 458 मिमी बारिश हुई। शहर के 16 में से 13 मंडलों में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई। इनमें चारमीनार में 39% व सैदाबाद में 38% कमी रही। कम बारिश के कारण भूजल संकट गंभीर होने लगा है।

उमंग सिंघार ने कहा

रीवा में न्यूक्लियर प्लांट नहीं लगने देंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने रीवा के सिरमौर क्षेत्र के ग्राम सरई-रोझौही पहुंचकर प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्लांट का विरोध कर रहे आंदोलनकारियों और आदिवासियों को समर्थन दिया।



उन्होंने स्पष्ट किया कि रीवा में न्यूक्लियर पावर प्लांट नहीं लगने दिया जाएगा और इस मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जाएगा। सिंघार ने आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाली स्व. विमला कोल को श्रद्धांजलि देते हुए पीड़ित परिवार को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से विमला कोल की मौत की रिपोर्ट न भेजने पर जवाब-तलब किया। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के नाम पर आदिवासियों के जीवन और पर्यावरण से खिलवाड़ कर रही है, जो सहन नहीं किया जाएगा।

28 हजार करोड़ रु. के साइबर फ्रॉड केस में वकील गिरफ्तार

ईडी ने मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़ा, अब तक 7 गिरफ्तार, 20 राज्यों में फैला नेटवर्क

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई/पणजी

प्रवर्तन निदेशालय ने देशभर में फैले साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट के मामले में मुंबई एयरपोर्ट से एक वकील को गिरफ्तार किया। एजेंसी के मुताबिक, इस नेटवर्क से करीब 28 हजार करोड़ के बैंकिंग लेन-देन जुड़े हैं। मामले में अब तक 7 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गिरफ्तार वकील की पहचान रशेष उपाध्याय उर्फ रशेष शाह के रूप में हुई है। ईडी की पणजी यूनिट की टीम ने उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर उस समय पकड़ा, जब वे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट में सवार होने वाले थे।

कस्टम्स और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारियों ने इस कार्रवाई में मदद की। आरोपी को पणजी ले जाया गया, जहां विशेष पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें 29 अक्टूबर तक एऊकी हिरासत में भेज दिया। ईडी के अनुसार, गोवा की महिला से ठगी गई रकम कमोडिटी, ट्रैवल और विदेशी मुद्रा कारोबार से जुड़ी कंपनियों के करीब 400 म्यूल खातों में जमा की गई। इन कंपनियों को फर्जी निदेशकों के जरिए चलाया जा रहा था। बाद में रकम नकद निकाली गई और आरबीआई से लाइसेंस प्राप्त मनी चेंजर के जरिए विदेशी मुद्रा में बदली गई। एजेंसी के मुताबिक, इस नेटवर्क ने करीब 28,000 करोड़ के बैंकिंग लेन-देन किए और लगभग 2,900 करोड़ नकद जमा किए। ईडी ने यह भी आरोप लगाया कि उपाध्याय ने वकील के तौर पर नामांकन कराया था, लेकिन किसी आरोपी या उनकी कंपनियों की ओर से अदालत में पेश नहीं हुए और न ही वकालतनामा दाखिल किया।

गोवा की महिला से 2.60 करोड़ की ठगी के बाद शुरू हुई जांच

ईडी के मुताबिक, गोवा पुलिस ने 9 जून 2025 को इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी। आरोप है कि साइबर ठगों ने एक महिला को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाया और 21 मई से 2 जून 2025 के बीच उससे 2.60 करोड़ अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए। एऊने कोर्ट में आरोप लगाया कि उपाध्याय इस नेटवर्क की अहम कड़ी थे। एजेंसी का दावा है कि पुलिस की शिकायतों के बाद जब नेटवर्क से जुड़े बैंक खाते फ्रीज किए जाते थे, तो आरोपी संबंधित एजेंसियों के अधिकारियों को रिश्वत देकर खाते दोबारा खुलवाने में मदद करते थे।



महाकाल श्रृंगार



पंचामृत पूजन किया, भांग-चंदन तिलक और आभूषण अर्पित किए

अपनेतक

पहले ही भ्रामक का फैसला, फिर जांच की दरकार!

देवास के चंदाना और बिंजाना गांवों में हुई संदिग्ध मौतों का मामला अब केवल जहरीली शराब के आरोपों तक सीमित नहीं रह गया है। सवाल प्रशासन की कार्यप्रणाली, उसकी तत्परता और जांच की निष्पक्षता को लेकर भी खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस ने ग्रामीणों के बयानों के आधार पर जहरीली शराब से मौतों की आशंका जताई, तो जिला प्रशासन और जनसंपर्क विभाग ने आरोपों को असत्य और भ्रामक बताते हुए मौतों के दूसरे कारण गिना दिए। लेकिन इसी बीच संभागायुक्त द्वारा पांच सदस्यीय जांच समिति गठित कर 15 दिन में रिपोर्ट मांगना कई नए सवाल खड़े करता है।

यदि मामला इतना ही स्पष्ट था कि जहरीली शराब से किसी की मौत नहीं हुई, तो फिर संभाग स्तर पर विस्तृत जांच की जरूरत क्यों पड़ी? और यदि मौतों के कारणों को लेकर जांच आवश्यक थी, तो जांच पूरी होने से पहले ही आरोपों को पूरी तरह भ्रामक बताने की इतनी जल्दबाजी क्यों दिखाई गई? यही इस पूरे प्रकरण का सबसे अहम सवाल है।

लोकतंत्र में विपक्ष के आरोपों को अंतिम सत्य नहीं माना जा सकता, लेकिन उन्हें बिना निष्पक्ष जांच के खारिज करना भी उचित नहीं है। इसी तरह प्रशासन का पक्ष महत्वपूर्ण है, मगर प्रशासनिक बयान अपने आप में जांच का विकल्प नहीं हो सकते। ग्रामीणों द्वारा शराब पीने के बाद आंखों से दिखाई नहीं देने, उल्टी और घबराहट जैसी शिकायतों के दावे किए गए हैं। इन दावों की पुष्टि या खंडन अनुमान अथवा बयानबाजी से नहीं, बल्कि चिकित्सकीय साक्ष्यों, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, शराब के नमूनों की जांच और घटनाक्रम की स्वतंत्र पड़ताल से होना चाहिए।

प्रशासन की ओर से दस मौतों का विवरण देकर उनके पीछे वृद्धावस्था, बीमारी, ब्रेन हेमरेज और अन्य कारण बताए गए हैं। यह पक्ष जांच के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि सभी संबंधित मामलों में कौन-कौन से चिकित्सकीय साक्ष्य उपलब्ध हैं और क्या प्रत्येक संदिग्ध मृत्यु की परिस्थितियों की अलग-अलग जांच की गई है। किसी व्यक्ति की पहले से बीमारी होना या शराब पीने की आदत होना अपने आप में हर आशंका का अंतिम उत्तर नहीं हो सकता।

सबसे गंभीर प्रश्न प्रशासनिक समन्वय का है। एक ओर जिला स्तर पर आरोपों को भ्रामक बताया जा रहा है, दूसरी ओर संभागीय स्तर पर अलग-अलग जिलों के प्रशासनिक, पुलिस, आबकारी और चिकित्सा अधिकारियों की समिति बनाकर विस्तृत जांच कराई जा रही है। यदि शुरूआती निष्कर्ष इतने निर्णायक थे, तो जांच का दायरा और उद्देश्य सार्वजनिक रूप से स्पष्ट किया जाना चाहिए। और यदि अभी तथ्य जुटाए जाने बाकी हैं, तो अंतिम जांच से पहले किसी भी संभावना को पूरी तरह नकारने से बचना चाहिए।

जहरीली शराब से मौतों का आरोप सही है या गलत, इसका फैसला राजनीतिक बयान नहीं, प्रमाण करेंगे। लेकिन मौतों के मामले में शासन-प्रशासन की पहली जिम्मेदारी अफवाहों का खंडन करना भर नहीं, बल्कि हर आशंका का पारदर्शी समाधान करना है। जांच समिति को यह भी देखना चाहिए कि कहीं अवैध शराब की बिक्री, कथित डायरी सिस्टम या शिकायतों पर कार्रवाई में देरी जैसी बातें तो जांच के दायरे से बाहर नहीं रह गई हैं।

मौतों के मामले में सच सामने आने से पहले किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं। प्रशासन को अपनी विश्वसनीयता केवल दावों से नहीं, बल्कि निष्पक्ष जांच और सार्वजनिक किए गए ठोस तथ्यों से स्थापित करनी होगी। क्योंकि सवाल सिर्फ यह नहीं है कि मौतें किस कारण हुईं; सवाल यह भी है कि उन मौतों के कारणों का पता लगाने की प्रक्रिया पर जनता कितना भरोसा कर सकती है।

करवाचौथ पर बांटा जाता हैं कामाख्या का सिन्दूर

मध्यप्रदेश का एकमात्र चौथ माता मंदिर शिप्रा के तट पर

व्यवसायियों का कहना त्यौहार के दौर में खरीददारों के वाहनों को लेकर हो रही परेशानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देश के विभिन्न स्थानों पर देवी के विभिन्न रूपों के दर्शन होते हैं । कार्तिक मास की कृष्ण चतुर्थी पर सनातनी महिलाएं अपने सौभाग्य की रक्षा के लिए करवा चौथ का व्रत रखती हैं और चौथ माता की पूजा धार्मिक रीति से करती हैं। देश का सबसे प्राचीन लगभग 568 वर्ष पुराना चौथ माता का मंदिर राजस्थान मे सवाई माधोपुर जिले के चौथ का वरबाडा नामक कस्बे मे है। करवा चतुर्थी के दिन पूरे देश से श्रद्धालु इस मंदिर मे दर्शन के लिए जुटते हैं किन्तु मां शिप्रा के आंगन मे भी एक मंदिर चौथ माता का है जो लगभग 25 वर्ष पुराना है। शहर से लगे ग्राम जीवनखेडी मे स्थित चौथ माता की मूर्ति आभायुक्त, आशीर्वाद देने की मुद्रा मे है।

जीवनखेडी स्थित मंदिर के संबंध मे जानकारी देते हुए व्यवस्थापक डॉ कैलाश नागवंशी ने बताया कि उनकी माताजी की इच्छा थी कि शहर मे चौथ माता का एक मंदिर हो जहां श्रद्धालु महिलाएं अपने सुहाग की रक्षा हेतु पूजन करें। माताजी की मृत्यु के बाद डॉ नागवंशी की धर्म पत्नी को स्वप्न मे भी मंदिर निर्माण की प्रेरणा निरंतर मिलती रही तब नागवंशी ने अपनी निजी जमीन पर उक्त मंदिर अपनी स्वर्गीय माताजी की स्मृति मे बनवाया।स्वयं के व्यय से बनवाए गए इस मंदिर मे श्वेत संगमरमर से निर्मित आकर्षक मूर्ति



जयपुर से लाकर सन 2000 मे प्रतिष्ठित की गई। मंदिर मे चौथ माता अभय मुद्रा मे सभी को आशीष देती हुई नजर आती हैं। पास ही पावन शिप्रा नदी कलकल बहती हुई वातावरण को मनोरम रूप देती जान पडती है।

करवाचौथ पर विभिन्न कार्यक्रम

चौथ माता मंदिर के पट वर्ष मे एक बार ही , करवाचौथ के पावन दिन खुलते हैं। इस दिन सुबह से ही व्रती महिलाओं का तांता दिनभर मंदिर मे लगा रहता है। दोपहर मे भजन कीर्तन व करवाचौथ माता की कथा होती है। परंपरागत रूप से हर वर्ष करवा चौथ पर महिलाओं को मां कामाख्या (असम) से मंगाया गया सिन्दूर , सौभाग्य प्रदान करनेवाला पवित्र लाल कपडा व नेपाल का रूद्राक्ष वितरित किया जाता है। दूर दूर से महिलाएं करवाचौथ चौथ के पावन दिन मंदिर पहुंचकर अपने सुहाग की रक्षा के लिए माता की आराधना करती हैं।



विकास की आवश्यकता

वर्तमान मे मंदिर पहुंच मार्ग थोडा कठिनाई भरा है। खेत के कच्चे रास्ते से होकर मंदिर पहुंचा जाता है। मार्ग उबड खाबड व पेचीदा है। ऊपर से मुख्य मार्ग से जब प्रवेश करते हैं तो पानी का विशाल डबरा वसंत एनक्लेव कालोनी के गेट पर बना हुआ है। प्रशासन करवा चौथ के पहले इस पानी की निकासी करके कुछ भराव करवा दे तो दर्शनार्थी महिलाओं को दिक्कत का सामना न करना पडे।

कैसे पहुंचे मंदिर

शांति पैलेस होटल से नागदा रोड पर आगे बढने पर शिप्रा के पुल को पार करते ही वसंत एनक्लेव कालोनी आती है। इस कालोनी के अंदर से ही चौथ माता मंदिर जाना होता है।

संपूर्ण शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा हेतु सनातन धर्म गुरु आमंत्रित !!

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

त्रिशूल शिवगण वाहिनी द्वारा 21 से 24 नवंबर तक इस वर्ष आयोजित होने वाली सम्पूर्ण शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा में सम्मिलित होने हेतु धर्मगुरुओं को आमंत्रित किया गया हैं। संस्थापक त्रिशूलपाणी आदित्य नागर जी द्वारा वाराणसी जाकर जगन्नाथपुरी जगतगुरु शंकराचार्य निश्चलानंद जी सरस्वती महाराज, कथाकार अनिरुद्धाचार्य जी एवं कथाकार देवकीनंदन ठाकुर महाराज आमंत्रित किया गया। संपूर्ण शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा में यात्रा का मुख्य उद्देश्य शिप्रा नदी के प्रति लोगों में जागृति पैदा करना और शिप्रा को प्रवाहमान बनने के लिए प्रयास करना है। त्रिशूलपाणी आदित्य नागर ने सनातन धर्म गुरुओं से भेंट कर उनका सम्मान किया तथा संस्था के उद्देश्यों के संबंध में उन्हें जानकारी दी। पूज्य पुरी शंकराचार्य जी, अनिरुद्धाचार्य कि एवं देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने त्रिशूल शिवगण वाहिनी द्वारा किये जा रहे कार्यों के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस कार्य को निरंतर करने का आशीर्वाद दिया और जन साधारण को इस कार्य में सहयोग करने का संदेश दिया। यात्रा में इन धर्मगुरुओं के आने कि सम्भावना हैं।

माधव महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय प्रकृति कॉन्फ्रेंस का समापन

उज्जैन। शासकीय माधव महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय द्वितीय अंतरराष्ट्रीय प्रकृति कॉन्फ्रेंस का समापन हुआ। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित और भूगोल विभाग एवं प्रकृति शोध सोसायटी उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस सम्मेलन में सतत विकास और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर मंथन किया गया। कॉन्फ्रेंस में प्रतिभागियों, शिक्षाविदों और विद्यार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

विभिन्न वर्गों में जीते स्वर्ण पदक

खेलो इंडिया अस्मिता वूमेन्स वेटलिफ्टिंग सिटी लीग में 67 खिलाड़ियों ने किया शक्ति प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रदेश वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में ओलंपिक वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन जिला उज्जैन द्वारा रविवार को खाचरौद स्थित श्री राज राजेंद्र जैन सेन विद्यालय में खेलो इंडिया अस्मिता वूमेन्स वेटलिफ्टिंग सिटी लीग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में जिले की कुल 67 महिला खिलाड़ियों ने सहभागिता कर अपना शानदार प्रदर्शन किया।

जिला वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव आदित्य द्विवेदी ने बताया कि चैंपियनशिप का शुभारंभ भाजपा उज्जैन ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष अश्विन डिंडोरकर, प्रदेश वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव डॉ. शरद नागर, भाजपा खाचरौद मंडल अध्यक्ष मनीषा शर्मा, श्री राज राजेंद्र जैन सेन विद्यालय के ट्रस्टी अनिल वागरेचा, प्राचार्य वीना कुंडी, समाजसेवी राजेश राठौर, राकेश द्विवेदी, कबड्डी के राष्ट्रीय निर्णायक गणेश भदौरिया, पीटीआई राजेश जोशी, संजय शर्मा, भाजपा नगर महामंत्री नितेश संगीतला, पत्रकार गौरव कपूर और चंद्रभान देवड़ा ने बजरंग बली के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर



किया। प्रतियोगिता के यूथ वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दिव्या चौहान ने 40 किलोग्राम, दूर्वा पोरवाल ने 45 किलोग्राम, तनीषा ने 49 किलोग्राम, मन्नू पाटीदार ने 53 किलोग्राम, मानवी रीयार ने 61 किलोग्राम, अनुष्का ने 69 किलोग्राम और इच्छा प्रजापत ने 77 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण जीता, वहीं हर्षिता जाट ने भी अपने वर्ग में स्वर्ण प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में अक्षरा, सलोनी बामनिया ने 49 किलोग्राम, सपना सरदार ने 53 किलोग्राम, रीत साहनी ने 57 किलोग्राम और अर्पिता कुंवर ने 77 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी तरह सीनियर वर्ग में याती जाटव ने 49 किलोग्राम, रतना प्रजापत ने 57 किलोग्राम, सिमरन हरवा ने 61 किलोग्राम और योगिता राज गोस्वामी ने 86 से अधिक किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

चैंपियनशिप में निर्णायकों की अहम भूमिका राष्ट्रीय निर्णायक शुभम जैन, जितेन्द्र चौहान, मनीष लश्करी, अंबिकेश तिवारी, दिलीप भूरिया और अखिलेश मंडलोई ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन संस्था उपाध्यक्ष कमल नंदवाना ने किया।

लोगों को जाम से मिलेगा छुटकारा

शांति पैलेस चौराहे का पुल बनकर तैयार, आज से आवागमन भी होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहे पर बन रहे पुल का काम पूरा हो गया है और आज से पुल पर आवागमन भी शुरू हो जाएगा। पुल पर आवागमन शुरू होने से इस क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में काफी हद तक सुधार हो जाएगा।

पुल बनने से इस क्षेत्र के रहवासियों ने भी राहत की सांस ली है नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहे पर पिछले डेढ़ 2 साल से पुल के निर्माण का कार्य चल रहा था इस कारण इस मार्ग के आवागमन को भी डायवर्ट किया गया था पुल निर्माण कार्य की वजह से इस मार्ग पर आवागमन भी कई बार बंद हो गया था साथ ही नानाखेड़ा चौराहे से शांति पैलेस चौराहे तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य की वजह से इस मार्ग पर भी पिछले दिनों आवागमन बंद था ऐसे में यहां की यातायात व्यवस्था भी बिगड़ी हुई थी और प्रतिदिन वाहनों का लंबा जाम लग रहा था लेकिन नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहा पर बन रहे पुल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। और आज एक तरफ की भुजा पर आवागमन भी शुरू कर दिया जाएगा।

जिससे यहां की यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा। पुल का निर्माण कर रही कंपनी के अधिकारियों ने बताया है कि पुल बनकर तैयार हो गया है 290 मीटर के इस



पुल पर आज से आवागमन भी शुरू कर दिया जाएगा। शुरूआत में पुल के एक तरफ की भुजा पर ही आवागमन शुरू किया जाएगा। पिछले 2 साल से नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहे पर पुल का निर्माण कार्य चल रहा था ऐसे में इंदौर, बड़नगर बाईपास, नानाखेड़ा, व महाकाल व हरीफाटक की तरफ से आने वाले वाहन शांति पैलेस चौराहे पर आकर गुत्थम-गुत्था होते थे और प्रतिदिन लंबा जाम लगता था कई बार वाहन चालक जल्दी निकलने की होड में आपस में टकरा जाते थे और विवाद की स्थिति भी निर्मित होती थी लेकिन अब पुल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है और आज से आवागमन भी शुरू हो जाएगा जिससे यहां की यातायात व्यवस्था भी सुधर जाएगी ओर लोगों को जाम से भी छुटकारा मिलेगा।

गाने और कविता में अंतर होता है : प्रमोद त्रिवेदी

अभिनव रंगमंडल मासिक संवाद श्रृंखला में प्रमोद त्रिवेदी प्रसंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राजस्व कॉलोनी स्थित क्लब फनकार में शनिवार की शाम वरिष्ठ कवि, साहित्यकार डॉ प्रमोद त्रिवेदी के नाम रही।आयोजन उनके 85 वें जन्मदिन के अवसर पर था।अभिनव रंग मंडल की मासिक संवाद श्रृंखला में वक्ताओं ने प्रमोद त्रिवेदी के साहित्यिक अवदान पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ अरुण वर्मा ने कहा कि शब्दों की उत्सव लीला का ईश्वर लेखक और कवि होता है। साधक, साधना करते-करते, संस्कृति बन जाता है।प्रमोद जी शब्द, नाट्य और रंगों के मूर्तिमान साधक हैं।

मालवा की धरती हिंदी साहित्य के लिए



उर्वरा रही है। प्रमोद त्रिवेदी ने नश्वरता की छाया में रहकर अमरता का संदेश अपने साहित्य से दिया है। उनकी बहती हुई कल-कल करती शब्द यात्रा अपनी अनूठी पहचान बना चुकी है। कवि राजेश सक्सेना ने कहा कि प्रमोद जी ने स्थानीयता के बोध के साथ उपन्यास लिखे हैं। उनके साहित्य की बेचैनी और ताप को समझने की जरूरत है। साहित्यकार श्री राम दवे ने कहा कि प्रमोद त्रिवेदी बहु आयामी व्यक्तित्व के धनी हैं। उनका प्रेरक व्यक्तित्व भी श्रेष्ठ है और उनकी कृतियां भी श्रेष्ठ हैं। चित्रकार अक्षय आमेरिया ने कहा कि उन्होंने प्रमोद त्रिवेदी की कविताओं पर आधारित चित्रों की नुमाइश में यह प्रतिक्रिया दी कि कविता चित्रों पर आधारित हैं या चित्र कविता पर आधारित सुनकर अभिभूत हुआ था। कार्यक्रम में उपस्थित साहित्यकारों ने प्रमोद त्रिवेदी का सारस्वत सम्मान किया। अपने सम्मान के प्रति उत्तर में डॉ त्रिवेदी ने कहा कि गाने और कविता में अंतर होता है। मेहनत के बिना कुछ नहीं मिलता। लेखक में पढ़ने की आदत होना भी अनिवार्य है। चैलेंज की कीमत चुकाना होती है। उन्होंने जन्मदिन ,औरत का कद ,तुम्हारी उपस्थिति , सिर्फ एक रात के लिए , अलीगढ़ ,चंद्रकांत देवताले शीर्षक कविताओं को प्रस्तुत किया।

मप्र गुजराती सेन समाज के प्रादेशिक सम्मेलन में 27 को

उज्जैन। मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज कल्याण समिति और रजिस्टर्ड युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 27 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे अरविंद नगर हीरामिल रोड स्थित महाकाल पैलेस में भव्य प्रादेशिक कार्यक्रम और दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज के प्रादेशिक संगठन की नवीन प्रदेश कार्यकारिणी का गठन होगा।

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि समारोह में वरिष्ठ संगठन के 11, युवा संगठन के 11 तथा कोर कमेटी व संरक्षक मंडल के 15 सदस्यों के साथ प्रदेश के एक तिहाई जिलाध्यक्षों को शपथ दिलाई जाएगी। आयोजन में पूर्व में हुए सामूहिक विवाह और परिचय सम्मेलन के आय-व्यय का ब्यौरा भी समाजजनों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

श्री महेश धाम का लोकार्पण, द्वितीय चरण का शिलान्यास संपन्न

पद्मभूषण राजश्री जी बिड़ला के कर-कमलों से हुआ शुभारंभ, समाजसेवियों की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

माहेश्वरी समाज के बहुप्रतीक्षित प्रकल्प अंकपात मार्ग स्थित नवनिर्मित श्री गंगाधर बंशीलाल राठी भवन (श्री महेश धाम) के प्रथम चरण का भव्य लोकार्पण एवं द्वितीय चरण का शिलान्यास रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को संपन्न हुआ। बिड़ला समूह की प्रमुख एवं समाज गौरव पद्मभूषण राजश्री जी बिड़ला के कर-कमलों से संपन्न इस समारोह में हजारों समाजजनों ने सहभागिता की। श्री महाकाल महेश सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस गरिमामय समारोह में प्रदेश सहित देशभर से उद्योगपति, समाजसेवी एवं समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

श्री महेश धाम की निर्माण यात्रा समाज की सामूहिक आवश्यकता और सहयोग की प्रेरणादायी कहानी है। विगत 15 वर्षों से समाजजन उज्जैन में ऐसे भवन की आवश्यकता महसूस कर रहे थे, जहाँ सामाजिक, धार्मिक एवं सामुदायिक गतिविधियों का सुव्यवस्थित आयोजन हो सके। समाज के



कुछ दूरदर्शी बंधुओं ने इस आवश्यकता को संकल्प में बदलते हुए भवन निर्माण का बीड़ा उठाया। इस संकल्प को साकार करने में समाज के भामाशाह पद्मश्री बंशीलाल जी राठी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनकी प्रेरणा, सहयोग और समाजजनों के सामूहिक प्रयासों से श्री महेश धाम का यह भव्य प्रकल्प मूर्त रूप ले सका।

देशभर के विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आदित्य विक्रम बिड़ला व्यापार सहयोग केंद्र, चेन्नई के कार्याध्यक्ष नवलकिशोर राठी तथा आर.आर. ग्लोबल के चेयरपर्सन त्रिभुवनदास काबरा उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के महामंत्री राजकुमार काल्या, पूर्व सभापति श्याम सोनी, वरिष्ठ समाजसेवी रामावतार जाजू तथा कमला ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन डॉ. दिगम्बर झंवर सहित देशभर से अनेक विशिष्ट समाजजन समारोह में सम्मिलित हुए।

बीफ कंपनी से 'कबीर' शब्द हटाने के लिए चलेगा राष्ट्रीय अभियान

कबीर पंथ महासंघ की बैठक में नई कार्यकारिणी गठित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नानाखेड़ा के अभिषेक नगर स्थित सदगुरु कबीर भवन में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 'अल कबीर बीफ कंपनी' के नाम से 'कबीर' शब्द हटाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़े पैमाने पर मुहिम चलाने का कड़ा निर्णय लिया गया। महासंघ का मानना है कि मांस कंपनी के इस नाम से करोड़ों कबीरपंथियों की भावनाएं आहत हो रही हैं।

महासंघ के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष पूज्य बापू महंत चूड़ामणि साहेब की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राष्ट्रीय और प्रादेशिक कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री नारायण प्रसाद कबीरपंथी (सागर) को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और आगर मालवा के समाजसेवी सत्यनारायण मालवीय को राष्ट्रीय महासचिव चुना गया। वहीं, भोपाल के महंत मिलन साहब प्रदेश अध्यक्ष और जावरा के जितेंद्र मालवीय युवा प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं।

पाठ्य पुस्तकों में 'सदगुरु कबीर साहेब' करने की उठी मांग

बैठक में तय किया गया कि हिंदी साहित्य की पाठ्य पुस्तकों में 'कबीर दास' की जगह सम्मानसूचक 'सदगुरु कबीर साहेब' नाम किया जाए। साथ ही सदगुरु कबीर प्राकट्य दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित कर देशभर में महोत्सव मनाने की मांग को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

प्रदेश कार्यकारिणी गठन में सुंदर लाल मालवीय को प्रदेश उपाध्यक्ष, जसरथ सिंह सोलंकी (देवास) को विधि सलाहकार, सत्य मंगल मांगीलाल कुलश्रेष्ठ अमन (नलखेड़ा) को प्रदेश प्रवक्ता, रामसिंह परमार को प्रदेश सलाहकार, गिरधारी लाल को प्रदेश पदाधिकारी और कोकिला देवी को नारी शक्ति प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से नारी शक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत माया देवी साहेब, प्रसिद्ध भजन गायक सुंदरलाल मालवीय, जसरथ सिंह सोलंकी, गिरधारी लाल मालवीय, महंत माखन साहेब, सौदान सिंह मालवीय और रामलाल देवड़ा उपस्थित रहे।

उज्जैन
सोमवार
26
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

विद्यां ददाति विनयं विनयाद् याति पात्रताम्।
पात्रत्वात् धनमाप्नोति धनात् धर्मं ततः सुखम्।।

अर्थः ज्ञान विनय देता है; विनय से पात्रता, पात्रता से धन, धन से धर्म और धर्म से सुख की प्राप्ति होती है।

खबर एक नजर...

रिवर्स लेते समय ट्रैक्टर ने महिला को कुचला, मौत

पीथमपुर। पीथमपुर के सेक्टर-1 थाना क्षेत्र के तारपुरा में पानी का टैंकर खाली कर रिवर्स ले रहे ट्रैक्टर की टक्कर से सीतारानी (35) की मौके पर मौत हो गई। हादसे में उनकी 9 साल की बेटी मानवी गंभीर घायल हो गई। ट्रैक्टर का पिछला टायर महिला के सिर और बच्ची के पैर पर चढ़ गया। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। फरियादी दामोदर अहिरवार ने बताया कि वे अपने चचेरे भाई संतोष, सीतारानी और मानवी के साथ कच्ची टापरी के बाहर बैठे थे। इसी दौरान पानी का टैंकर लगा ट्रैक्टर पानी खाली करने के बाद तेज गति से रिवर्स आने लगा। आरोप है कि चालक ने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। परिजन सीतारानी और मानवी को तुरंत शासकीय अस्पताल पीथमपुर लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने सीतारानी को मृत घोषित कर दिया। मानवी का इलाज जारी है। सेक्टर-1 थाने के उपनिरीक्षक सुशील यदुवंशी ने बताया कि पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर लिया है। महिला के परिजनों की रिपोर्ट पर चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

हॉस्टल में चोरी, छात्रों के लैपटॉप-मोबाइल ले गया संदिग्ध

इंदौर। भंवरकुआं थाना क्षेत्र के विष्णुपुरी स्थित एक हॉस्टल में चोरी की वारदात हो गई। शनिवार अलसुबह हुई इस घटना में छात्रों के लैपटॉप, मोबाइल और नकदी गायब हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज रविवार को सामने आया, जिसमें एक संदिग्ध इलाके से निकलता दिखाई दे रहा है। पुलिस ने शनिवार रात मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक, सिवनी निवासी प्रिंस सराठे विष्णुपुरी स्थित देवनिवास हॉस्टल में दोस्तों के साथ किराए से रहता है। 24 अक्टूबर की तड़के वह अपने दोस्त मिहिर के साथ रनिंग करने ग्राउंड पर गया था। इस दौरान कमरे का दरवाजा खुला रह गया। सुबह करीब 7 बजे दोनों लौटे तो प्रिंस का लैपटॉप, मिहिर का मोबाइल, यशदीप का मोबाइल, अयाज अंसारी का मोबाइल, सौरभ अहिरवार का लैपटॉप और युवराज का एचपी लैपटॉप गायब मिला। कमरे में रखी नकदी भी नहीं मिली। प्रिंस ने दोस्तों को जगाकर पूछा तो उन्होंने रात में किसी के कमरे में आने की जानकारी होने से इनकार किया।

टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी गंभीर

पीथमपुर। राऊ-पीथमपुर रोड पर सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। हादसा सेक्टर-1 थाना क्षेत्र में हुआ। अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद मौके पर मौजूद लोगों और पीथमपुर बचाव समिति के सदस्य डॉ. हेमंत कुमार हिरोले ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने युवक को बचाने की कोशिश की, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उसकी जान नहीं बच सकी। मृतक की पहचान अंकित श्रीवास्तव (करीब 35) निवासी हुसैनपुर खेड़ी, आष्टा के रूप में हुई है। वह संतोष श्रीवास्तव के बेटे थे और पीथमपुर में ओडी ऑटोमोबाइल में ठेकेदारी के तहत मजदूरी करते थे। अंकित की शादी नहीं हुई थी, जबकि उनके पिता गांव में रहते हैं। डॉ. हेमंत कुमार हिरोले ने बताया कि पिछले 72 घंटों में क्षेत्र में सड़क हादसों का यह छठा मामला है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है और हादसे की जांच की जा रही है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। उनके आने के बाद सोमवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। हादसे में घायल युवक का इलाज जारी है।

स्वास्थ्य विभाग में अटैचमेंट का फर्जीवाड़ा, आंकड़ों पर संशय

इंदौर। स्वास्थ्य विभाग के अटैचमेंट पर सरकार ने शिकंजा कसना शुरू किया तो जिलों में बैठे अधिकारी उलझन में पड़ गए हैं। शासन ने अटैचमेंट की पूरी जानकारी मांगी, लेकिन जिलों से जो आंकड़े पहुंचे, वे अधूरे निकले। रिकॉर्ड में प्रदेशभर में 2558 अटैचमेंट दर्ज हैं, लेकिन हकीकत इससे कहीं ज्यादा होने के दावे हैं। दरअसल, विभाग में अटैचमेंट की वास्तविक स्थिति पता करने के लिए शासन ने जिलों से पूरा ब्योरा मांगा है। ई-एचआरएमएस के रिकॉर्ड में प्रदेशभर में 2558 अटैचमेंट दर्ज हैं, लेकिन शासन द्वारा जानकारी मांगे जाने पर जिलों से अधूरे आंकड़े मिलने के कारण पूरी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। अब सभी सीएमएचओ और सिविल सर्जन को 31 अक्टूबर तक की समय-सीमा दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, पहली बार सीएमएचओ से शपथ पत्र भी लिए जा रहे हैं। इससे अटैचमेंट की जानकारी देने के साथ उसकी प्रमाणिकता की जिम्मेदारी भी अधिकारियों पर होगी। विभाग में इस तरह शपथ पत्र लेने की प्रक्रिया पहली बार शुरू होने की बात कही जा रही है। पता ही नहीं कौन कहां काम कर रहाः अटैचमेंट की पूरी जानकारी नहीं मिलने से शासन के लिए यह पता करना मुश्किल हो रहा है कि कितने डॉक्टर और कर्मचारी अपनी मूल पदस्थापना से हटकर दूसरी जगह काम कर रहे हैं। नई जानकारी और शपथ पत्र के आधार पर विभागीय रिकॉर्ड का मिलान किया जा सकेगा। प्रमाणित जानकारी और वास्तविक स्थिति में अंतर मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा सकती है।

खुदाई के दौरान फूटी नर्मदा पाइपलाइन, 7 फीट गहरे गड्ढे में भरा पानी

तीसरी बार सप्लाई प्रभावित, रहवासियों ने मरम्मत का काम रुकवाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

अंबिकापुरी एक्सटेंशन में 60 फीट रोड के पास शनिवार दोपहर जेसीबी से खुदाई के दौरान नर्मदा की पाइपलाइन टूट गई। यहां दुकान और मकान निर्माण के लिए खुदाई की जा रही थी। पाइपलाइन टूटने के बाद क्षेत्र में पानी की सप्लाई प्रभावित हो गई, जिससे रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

शनिवार रात करीब 10 बजे पाइपलाइन सुधारने के लिए मजदूर बुलाए गए, लेकिन रहवासियों ने काम करने से रोक दिया। उनका कहना है कि पहले भी खुदाई के दौरान पाइपलाइन टूट चुकी है और शिकायत के बावजूद निर्माण कार्य जारी है।

रहवासियों का आरोप है कि जिस जमीन पर निर्माण किया जा रहा है, वह बगीचे की जमीन है। यहां अवंतिका गैस की हाई प्रेशर पाइपलाइन की चेतावनी वाला बोर्ड लगा होने के बावजूद खुदाई की जा रही है। मौके पर सात फीट से अधिक गहरे गड्ढे में पानी भरा हुआ है। जलसंकट के बीच नर्मदा की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से रहवासियों में आक्रोश है।

पहले भी दो बार टूटी पाइपलाइन, रातोंरात की गई मरम्मत- रहवासियों का कहना है कि इस स्थान पर पहले भी खुदाई के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है। पहली बार पाइपलाइन टूटने पर रातोंरात उसे जोड़ दिया गया था। दूसरी बार पाइपलाइन टूटने पर गड्ढे भर दिए गए। इसके बावजूद खुदाई और निर्माण कार्य जारी रहा। रहवासियों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार निर्माण गतिविधियां चल रही हैं और वाहनों की आवाजाही भी हो रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

सरकारी पाइपलाइन के ऊपर निर्माण का आरोप- रहवासी विलास लाखे ने बताया कि जिस जमीन पर निर्माण किया जा रहा है, वह खुली जमीन है। उनका आरोप है कि इस जमीन पर कब्जा किया गया है, जबकि निर्माण करने वाले लोग इसकी रजिस्ट्री होने का दावा कर रहे हैं। यहां सरकारी पानी की पाइपलाइन भी जमीन के नीचे दबी हुई है। जब रहवासियों ने निर्माण का विरोध किया, तो निर्माण करने वालों ने पाइपलाइन को बाहर निकालकर दूसरी जगह लगाने की बात कही और आपत्ति नहीं लेने को कहा। लाखे ने कहा कि क्षेत्र में पहले से जलसंकट है। पाइपलाइन टूटने के कारण सुबह से पूरी पट्टी में पानी नहीं आया और लोग परेशान हैं। उनका कहना है कि यदि यह संबंधित लोगों की निजी संपत्ति होती, तो रहवासी निर्माण का विरोध नहीं करते। लेकिन जिस जमीन को वे अवैध कब्जे वाली बता रहे हैं, उस पर निर्माण का विरोध जारी रहेगा।

पार्षद बोले-मरम्मत जारी- क्षेत्रीय पार्षद अश्विन शुक्ला ने बताया कि मामला उनकी जानकारी में है। पाइपलाइन टूटने की समस्या सामने आती रहती है, जिसे सुधारने का काम किया जाता है। फिलहाल पाइपलाइन की मरम्मत जारी है। विवादित जमीन के बारे में उन्होंने कहा कि यह किसके नाम दर्ज है, इसकी जानकारी उनके पास नहीं है। वहीं, जमीन पर मालिकाना हक जताने वाले व्यक्ति ने रहवासियों के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया है।



अवंतिका गैस की चेतावनी वाले बोर्ड को पोस्टर से ढका

खुदाई वाले स्थान पर अवंतिका गैस की हाई प्रेशर पाइपलाइन का चेतावनी बोर्ड भी लगा है। इस पर लिखा है, चेतावनी, उच्च दबाव गैस पाइपलाइन, खुदाई से पूर्व या आकस्मिक परिस्थिति में संपर्क करें। रहवासियों का आरोप है कि इस बोर्ड को पोस्टर से ढंक दिया गया है। इसके बावजूद यहां जेसीबी से खुदाई जारी है। रहवासियों ने गैस पाइपलाइन के पास खुदाई से सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है।

नीचे से गुजर रही गैस और नर्मदा लाइन

रहवासी विकास जैन ने बताया कि इससे पहले भी खुदाई के दौरान नर्मदा की पाइपलाइन टूट चुकी है। उस समय भी आपत्ति जताई गई थी, लेकिन रात करीब 2 बजे पाइपलाइन जोड़ दी गई थी। जैन के मुताबिक, जिस जमीन पर निर्माण किया जा रहा है, उसे बगीचे की जमीन बताया जा रहा है। उनका कहना है कि जमीन के नीचे से सीएनजी और नर्मदा की बड़ी पाइपलाइन गुजर रही है। इसके बावजूद इनके ऊपर निर्माण कराया जा रहा है।

कर्नाटक के मंत्री खरगे के खिलाफ भी नारेबाजी, आरएसएस को लेकर कांग्रेस नेताओं के बयानों पर सवाल उठाए

इंदौर में राहुल गांधी का पुतला दहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे के बयानों के विरोध में रविवार दोपहर इंदौर में रैली निकाली गई।

प्रदर्शन में राहुल गांधी और प्रियांक खरगे के खिलाफ नारेबाजी की गई। रैली के बाद छोटी ग्वालटोली स्थित सरदार पटेल प्रतिमा के पास राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को लेकर कांग्रेस नेताओं के बयानों पर सवाल उठाए। माज खान ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के बयानों में विरोधाभास नजर आता है। उन्होंने राहुल गांधी के दिल्ली में कांग्रेस कन्वेंशन के दौरान आरएसएस को लेकर दिए गए बयान और कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे की ओर से संघ पर प्रतिबंध लगाने संबंधी कथित बयान का हवाला दिया।

एक तरफ राहुल गांधी संघ के खिलाफ कार्रवाई का विरोध करने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के ही एक नेता फर्र पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हैं।

शिक्षक भर्ती और निलंबन का भी उठाया मुद्दा- अनिक जोशी राहुल गांधी के इंदौर दौरे के दौरान शिक्षक भर्ती को लेकर दिए गए बयान का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षकों की नियुक्तियों को लेकर सवाल उठाए गए थे। लेकिन कांग्रेस ने ही कर्नाटक में आरएसएस के पथ संचलन में शामिल होने के कारण दो शिक्षकों को निलंबित किया गया।



नेहरू और आरएसएस के इतिहास का भी किया जिक्र

प्रदर्शन के दौरान 1962 के भारत-चीन युद्ध और गणतंत्र दिवस परेड में फर्र की भागीदारी का उल्लेख करते हुए संघ की भूमिका को देश की सुरक्षा से जोड़ा। उन्होंने कहा कि आरएसएस देश की रक्षक संस्था है और कांग्रेस नेताओं के बयानों का जवाब दिया जाना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी और प्रियांक खरगे के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।

इंदौर में नाबालिग से दुष्कर्म अश्लील वीडियो वायरल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के पास क्षिप्रा थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म, छेड़छाड़ और अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मुख्य आरोपी सहित चार नाबालिगों को हिरासत में लिया है। आरोप है कि मुख्य आरोपी ने किशोरी का अश्लील वीडियो बनाया और बाद में उसके तीन साथियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल किया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित सामूहिक दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुकान के पास ले जाकर बनाया वीडियो थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह मुकाती के मुताबिक, क्षिप्रा निवासी 16 वर्षीय किशोरी शनिवार रात परिजनों के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि 20 दिसंबर 2025 की शाम करीब 5 बजे उसका दोस्त वरुण उसे बूढ़ी बरलई स्थित अपने पिता की दुकान के पास ले गया था। आरोप है कि वहां उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और धोखे से उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद उसने किसी को घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी। तीन साथियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी के तीन साथियों को भी वीडियो के बारे में पता चल गया था। आरोप है कि तीनों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी के साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ की और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। बाद में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

मप्र के 102 स्टूडेंट्स को मिलेगी 1-1 लाख की स्कॉलरशिप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर 1 नवंबर को प्रदेश के 102 छात्र-छात्राओं को भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति दी जाएगी। मुख्यमंत्री विद्यार्थियों को एक-एक लाख रुपए की छात्रवृत्ति और प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। संस्कृति विभाग के अंतर्गत श्रीकृष्ण पाथेय न्यास ने विजेताओं की सूची जारी की है। छात्रवृत्ति के लिए विद्यालय और महाविद्यालय/विश्वविद्यालय, दोनों वर्गों में विद्यार्थियों का चयन किया गया है। पहले सर्वाधिक अंक हासिल करने और कम समय में प्रश्नपत्र हल करने वाले 5,514 विद्यार्थियों की मेरिट सूची बनाई गई। इसके बाद 23 अक्टूबर को लॉटरी के जरिए 102 विजेताओं का चयन किया गया। प्रतियोगिता के लिए 63,736 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 58,099 ने प्रश्नपत्र हल किया। जिलेवार चयन में खंडवा के छह विद्यार्थी पहले स्थान पर हैं। अशोकनगर, बड़वानी, नर्मदापुरम, सिवनी, सिंगरौली और उमरिया के चार-चार विद्यार्थी चुने गए हैं। वहीं, बुरहानपुर, छतरपुर, गुना, झाबुआ, कटनी, मऊगंज, सागर, सतना, श्योपुर और उज्जैन के तीन-तीन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी प्रतिभा, परिश्रम और ज्ञान के प्रति समर्पण विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

लोकायुक्त के बाद ईडी की एंट्री संभव, मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से हो सकती है जांच

हेड कॉन्स्टेबल की 51 प्रॉपर्टी, कीमत- 68 करोड़ रुपये

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल (ड्राइवर) फिरोज खान से जुड़ी आय से अधिक संपत्ति की जांच में 51 अचल संपत्तियां मिली हैं। इनका अनुमानित बाजार मूल्य 68 करोड़ रुपए से अधिक है।

ऐसे में प्रवर्तन निदेशालय भी आगे जांच कर सकता है। हालांकि, इसके लिए लोकायुक्त की विवेचना पूरी होने और कोर्ट में चालान पेश होने के बाद ही प्रक्रिया आगे बढ़ने की संभावना है, ताकि जांच एजेंसी को ठोस आधार मिल सके।

फिलहाल, लोकायुक्त संपत्तियों के दस्तावेज, बैंक खातों और निवेश के स्रोतों की पड़ताल कर रही है। जांच में यह पता लगाया जाएगा कि संपत्तियां भ्रष्टाचार से अर्जित रकम से खरीदी गईं या नहीं और क्या उस रकम को दूसरे लोगों या कंपनियों के नाम पर रखकर उसका स्रोत छिपाने की कोशिश की गई।

सरकारी सेवा में रहते आय से अधिक संपत्ति अर्जित की- फिरोज खान ने सरकारी सेवा में रहते हुए आय से अधिक राशि अर्जित की। इनमें जो संपत्ति बनाई उसकी बाजार में अनुमानित कीमत 68 करोड़ रुपए है। इसमें खासकर जमीन के बड़े सौदे किए और कंपनियां खड़ी की है। कानूनी प्रावधानों के मुताबिक- यदि जांच में मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम के तहत आवश्यक शर्तें पूरी होती हैं, तो प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में जांच कर सकता है। हालांकि, केवल संपत्तियों का बड़ा मूल्य सामने आना या आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगना अपने आप में मनी लॉन्ड्रिंग का अपराध साबित नहीं करता।

भ्रष्टाचार के अपराध से जुड़ सकता है पीएमएलए - पीएमएलए के तहत मनी लॉन्ड्रिंग का मामला बनने के लिए यह स्थापित करना जरूरी है कि संबंधित संपत्ति किसी अनुसूचित अपराध से जुड़ी आपराधिक गतिविधि से अर्जित हुई है। इसके बाद उस संपत्ति को छिपाने, अपने कब्जे में रखने, हासिल करने, इस्तेमाल करने या बेदाग संपत्ति के रूप में पेश करने जैसी गतिविधियों की जांच की जा सकती है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 में लोकसेवक द्वारा अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने यानी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति रखने का अपराध शामिल है। यह अपराध पीएमएलए की अनुसूची में शामिल है। यदि लोकायुक्त की जांच में इस अपराध से जुड़ी आय और संपत्तियों के बीच संबंध स्थापित होता है तथा पीएमएलए की अन्य कानूनी शर्तें पूरी होती हैं, तो मनी लॉन्ड्रिंग की जांच का आधार बन सकता है। लोकायुक्त की जांच में अब तक 51 अचल संपत्तियों का पता चला है। जिनका अनुमानित बाजार मूल्य 68.01 करोड़ रुपए बताया गया है। इनमें परिवार के सदस्यों, परिचितों और संबंधित कंपनियों के नाम पर दर्ज संपत्तियां भी जांच के दायरे में हैं।



विशेषज्ञ बोले- मायोपिया से बच्चों को बचाने आउटडोर एक्टिविटी जरूरी

एआई से घर बैठे हो सकेगी आंखों की जांच, अगले 5 साल में बढ़ेगा इस्तेमाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

आंखों की बीमारी का पता लगाने के लिए अब मरीजों को बड़े अस्पतालों तक पहुंचने की मजबूरी कम हो सकती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से दूरदराज के गांवों में भी आंखों की स्क्रीनिंग और बीमारी की शुरूआती पहचान आसान बनाने की दिशा में काम हो रहा है।

आने वाले 5 साल में नेत्र रोगों के डायग्नोसिस में अक का इस्तेमाल और बढ़ने की उम्मीद है। रविवार को इंदौर में मध्यप्रदेश स्टेट ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसायटी की 49वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस के अंतिम दिन विशेषज्ञों ने यह बात कही।

तीन दिन तक चली इस कॉन्फ्रेंस में देशभर के नेत्र रोग विशेषज्ञों ने आंखों की बीमारियों के आधुनिक इलाज, नई तकनीकों और चिकित्सा क्षेत्र में एआई की भूमिका पर चर्चा की। सम्मेलन में मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों से 700 से अधिक नेत्र रोग विशेषज्ञ शामिल हुए। अंतिम दिन तकनीकी सत्रों के साथ क्विज कॉम्पिटिशन और डेमो वर्कशॉप भी आयोजित की गईं।

गांवों में घर के पास हो सकेगी आंखों की स्क्रीनिंग अकपर आयोजित सत्र में मध्यप्रदेश स्टेट ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसायटी की सेक्रेटरी डॉ. मिता जोशी सहित विशेषज्ञों ने मौजूदा समय में इसके इस्तेमाल और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। डॉ. आरएस चौधरी ने बताया कि सत्र में इस बात पर फोकस रहा कि अक की मदद से स्क्रीनिंग और बीमारी की पहचान किस तरह आसान बनाई जा सकती है। डॉ. मिता जोशी ने बताया कि दूरदराज के गांवों में रहने वाले कई लोगों के लिए इलाज के लिए बड़े शहरों तक पहुंचना मुश्किल होता है। आर्थिक परेशानी भी इसमें बाधा बनती है। ऐसे में एआई की मदद से मरीजों की नियमित स्क्रीनिंग उनके घर के नजदीक की जा सकती है।



बच्चों में बढ़ रहा मायोपिया का खतरा

इससे आंखों की बीमारियों की शुरूआती पहचान में मदद मिल सकती है और जरूरत पड़ने पर मरीज को समय पर विशेषज्ञ के पास भेजा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले 5 साल में बीमारी की पहचान के लिए एआई का इस्तेमाल और बढ़ने की संभावना है। हालांकि, मरीज की जांच और इलाज में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भूमिका महत्वपूर्ण बनी रहेगी। बच्चों में बढ़ रहा मायोपिया का खतरा, आउटडोर एक्टिविटी जरूरी कॉन्फ्रेंस के तकनीकी सत्र में चेन्नई के अरविंद आई इंस्टीट्यूट से आईं डॉ. नीलम माहेश्वरी ने मायोपिया यानी दूर की चीजें साफ न दिखने की समस्या पर बात की। उन्होंने कहा कि मायोपिया होने के पीछे कोई एक कारण नहीं है। यह मल्टीफैक्टोरियल बीमारी है, यानी इसके होने में कई कारक जिम्मेदार हो सकते हैं। उन्होंने बदलती लाइफस्टाइल और पर्यावरण प्रदूषण को भी इसके संभावित कारणों में शामिल बताया। बच्चों में इस समस्या को लेकर विशेष सतर्कता की जरूरत है। कई बार बच्चों को खुद यह पता नहीं चलता कि उनकी नजर कमजोर हो रही है, इसलिए समय पर जांच जरूरी है। डॉ. आरएस चौधरी बने सोसायटी के नए अध्यक्ष कॉन्फ्रेंस के अंतिम दिन मध्यप्रदेश स्टेट ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसायटी के चुनाव भी हुए।

खबर एक नजर...

कार्यकाल 1 साल बढ़ा, परिसीमन में बढ़ी हुई आबादी-बजट का आकलन करेगा

भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार ने छठवें राज्य वित्त आयोग को एक नई जिम्मेदारी सौंपते हुए कार्यकाल 31 अक्टूबर 2026 से बढ़ाकर 31 अक्टूबर 2027 यानी एक साल के लिए बढ़ा दिया है। वित्त आयोग अब प्रदेश की नगरीय और पंचायत क्षेत्रों में परिसीमन और सीमा विस्तार के बाद बढ़े हुए क्षेत्रफल और जनसंख्या की जरूरतें पूरी करने के लिए उपलब्ध बजट की स्थिति और इससे जुड़े सुझाव भी राज्य सरकार को देगा। ताकि संसाधनों और बजट की बेहतर उपयोगिता हो सके। मप्र वित्त विभाग की आर्थिक नीति एवं विश्लेषण इकाई के मुताबिक आयोग को 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 के बीच की पांच वर्ष की अवधि (16वें वित्त आयोग की अवधि) के लिए अपनी मुख्य सिफारिशी रिपोर्ट 30 नवंबर को राज्यपाल मंगुभाई पटेल को सौंपनी होगी। मप्र में अगले साल जुलाई में नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव और परिसीमन प्रस्तावित है। जनगणना 31 मार्च 2027 तक पूरी हो जाएगी। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने सभी जिलों से 31 अक्टूबर 2026 तक निकायों की सीमावृद्धि, वार्ड पुनर्गठन, परिसीमन और नए निकायों के गठन के प्रस्ताव मांगे हैं। अगर परिसीमन हुआ तो निकाय चुनाव 6 माह आगे बढ़ सकते हैं।

28 घंटे में हनुमान मंदिर में चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

सलामतपुर। सांची जनपद के ग्राम काछी कानाखेड़ा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हुई चोरी का पुलिस ने 28 घंटे में खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस ने गांव के 26 वर्षीय पंकज मेहरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भगवान हनुमानजी के श्रृंगार के चोरी हुए सभी आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस ने इनकी कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई है। कार्रवाई के बाद ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली है। पुलिस के मुताबिक 22 और 23 अक्टूबर 2026 की दरमियानी रात अज्ञात चोर ने मंदिर को निशाना बनाया था। चोर भगवान हनुमानजी के श्रृंगार में इस्तेमाल होने वाला मुखौटा, आंखें, तिलक, भौंहें चुराकर फरार हो गया था। फरियादी नारायण प्रसाद शर्मा ने 25 अक्टूबर को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद सांची पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 डी के तहत प्रकरण दर्ज किया। जांच शुरू की।

पीएमश्री एयर एंबुलेंस:जितने मरीजों को भेजा गया, उनमें एक तिहाई डिप्टी सीएम के जिले से हैं

भोपाल। मप्र में गंभीर मरीजों को इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से दूसरे शहरों में पहुंचाने के मामले में रीवा सबसे आगे है। पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा के रिकॉर्ड में दर्ज 186 मरीजों में से 66 रीवा जिले के हैं। यानी कुल मरीजों में 35.5% रीवा के हैं। रीवा उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री का गृह जिला है। जबलपुर से 23, छतरपुर और भोपाल से 13-13, इंदौर से 8 व ग्वालियर से 4 को एयर एंबुलेंस से भेजा। एम्स भोपाल में 51 मरीज पहुंचे। बालाघाट से 3, बैतूल से 2, पन्ना और अनूपपुर से 3-3 तथा उज्जैन और डिंडोरी से 2-2 मरीजों को इस सेवा का लाभ मिला। आंकड़ों के मुताबिक दो मरीज को मप्र के बाहर गोंदिया से लेकर उड़ी। एम्स भोपाल में 51, बंसल अस्पताल में 22 और चिरायु अस्पताल में 15 मरीज पहुंचाए गए। इसके अलावा मेदांता, दिल्ली-गुरुग्राम में 10, बॉम्बे हॉस्पिटल, इंदौर में 6 और एसआरसीसी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल, मुंबई में 4 मरीज भेजे गए। कुछ मरीजों को दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, अहमदाबाद और बेंगलुरु के अस्पतालों में भी पहुंचाया गया।

कोचिंग सेंटर के लिए गाइडलाइन, 90 दिन में रजिस्ट्रेशन जरूरी

भोपाल। मप्र में कोचिंग सेंटरों के संचालन, फीस में पारदर्शिता और विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए नए नियम तय किए गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने मप्र कोचिंग केंद्र नियम-2026 का नोटिफिकेशन जारी किया है। कोचिंग सेंटरों को 90 दिन में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा। पंजीयन वैधता 3 साल होगी। एक संस्थान की हर ब्रांच अलग-अलग कोचिंग सेंटर मानी जाएगी। नए नियम में हॉस्टल में सीलिंग फैन प्रतिबंधित किया गया है। कोचिंग संस्थानों को वेबसाइट पर फीस का पूरा ब्योरा, शिक्षकों की योग्यता, पिछले 5 साल के परीक्षा परिणामसार्वजनिक करने होंगे। शिक्षकों की न्यूनतम योग्यता स्नातक रखी गई है। आपराधिक रिकॉर्ड वाले स्टाफ की नियुक्ति पर प्रतिबंध रहेंगे। मानसिक स्वास्थ्य और करियर काउंसिलिंग के लिए काउंसलर रखने होंगे। टेली मानस (14416), उमंग (1800-11-5246), चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 प्रदर्शित करने होंगे।

भोपाल में एमडी ड्रग की तस्करी करते 2 आरोपी पकड़ाए

भोपाल। भोपाल की परवलिया सड़क पुलिस ने बायपास रोड पर घेराबंदी कर दो युवकों को एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 12.63 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 1.50 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल बाइक और मोबाइल फोन भी जब्त किया है। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 3 लाख रुपए आंकी गई है।

इस बार करवा चौथ पर मप्र में भारी बारिश:

29 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में बदला रहेगा मौसम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में इस बार करवा चौथ पर चांद के दीदार मुश्किल हो सकते हैं। मौसम केंद्र की अनुसार- 29 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में आंधी, गरज-चमक, बारिश और बादल वाला मौसम रहेगा। पूर्वी हिस्से के 17 जिलों में अति भारी या भारी बारिश का अलर्ट है। कल, मंगलवार से ही बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। 29 अक्टूबर को पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर, सीधी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी और बालाघाट में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

वहीं, छतरपुर, कटनी, जबलपुर, मंडला, छिंदवाड़ा और सिवनी में भारी बारिश हो सकती है। यानी, इन जिलों में 24 घंटे में ढाई से 8 इंच तक पानी गिर सकता है। बाकी जिलों में भी आंधी-बारिश का दौर बना रह सकता है। इसी दिन करवा चौथ भी है।

पूर्व-मध्य और उससे सटे दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर अवदाब (डिप्रेशन) एक्टिव हो गया है, जो आने वाले दिनों में डीप डिप्रेशन में बदल जाएगा।



वहीं, 26 अक्टूबर को साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम (चक्रवात) तीव्र होकर चक्रवातीय तूफान में बदल जाएगा। 27-28 अक्टूबर को यह भीषण चक्रवातीय तूफान हो जाएगा। इस वजह से एमपी के पूर्वी हिस्से में इसका असर देखने को मिलेगा। यही कारण है कि मानसून के लौटने के बाद पहली बार प्रदेश में अति भारी या भारी बारिश का अलर्ट है। विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर दौड़ाए तो अक्टूबर में बारिश, गर्मी और ठंड का ट्रेंड है। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। अक्टूबर की शुरूआत में ही मौसम साफ हो गया और धूप खिल गई। वहीं, रात में ठंडक है।

रात में बढ़ी सर्दी...कटनी का करौंदी सबसे ठंडा

अति भारी या भारी बारिश की चेतावनी से पहले प्रदेश में रात में ठंडक बढ़ गई है। बीती रात कटनी का करौंदी सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। छिंदवाड़ा में 14.4 डिग्री, इंदौर-मलाजखंड में 14.6 डिग्री, दमोह में 15 डिग्री और शाजापुर में 15.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, दिन के तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिली है। खजुराहो, भोपाल और उज्जैन में तापमान 35.5 से 36.1 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। अमरकंटक में दिन में ठंडक है। यहां अधिकतम तापमान 28 डिग्री के आसपास चल रहा है।

प्रदेश में बारिश का सिस्टम लौटा

प्रदेश से 3 अक्टूबर को ही मानसून लौट चुका है। एक ही दिन में पूरे प्रदेश से विदाई हुई, लेकिन सिस्टम एक्टिव होने से बारिश का दौर अभी भी चल रहा है। पिछले एक सप्ताह से पूर्वी और पश्चिमी हिस्से के जिलों में आंधी-बारिश का असर देखा गया। लगातार 8 दिन तक कई जिलों में तेज बारिश भी हुई। शनिवार को बारिश का दौर थम गया।

मुरुगन की सीट पर आज से नामांकन, राज्यसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन के इस्तीफे से खाली हुई मध्यप्रदेश की राज्यसभा सीट पर उपचुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। भाजपा में इस सीट के लिए कई दावेदारों के नाम चर्चा में हैं। मुरुगन अप्रैल 2024 में मध्यप्रदेश से राज्यसभा सदस्य बने थे। उनका कार्यकाल अप्रैल 2030 तक था, लेकिन इस्तीफे के बाद यह सीट रिक्त हो गई। अब उपचुनाव के जरिए इस सीट पर नए सदस्य का चयन होगा। इस सीट के संभावित दावेदारों में तमिलनाडु भाजपा की पूर्व विधायक वनथी श्रीनिवासन का नाम भी सामने आया है। हालांकि, पार्टी ने अब तक किसी नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

ज्यादा संभावना एमपी के बाहर के नेता की ही है। वहीं एमपी के नेताओं में पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक आशीष अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष विनोद गोटिया, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ और पूर्व मंत्री रंजना बघेल के नाम चर्चा में हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा में कुल 230 सीटें हैं। कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा मतदान में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। ऐसे में 229 विधायकों के आधार पर चुनावी गणित देखा जा रहा है। बीना विधायक निर्मला सप्रे की स्थिति भी अहम है। वे खुद को कांग्रेस में बताती हैं, लेकिन भाजपा के कार्यक्रमों में भी नजर आती रही हैं। दलबदल से जुड़े मामले के कारण उनकी स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसलिए उनके वोट को लेकर तस्वीर साफ होने के बाद ही दोनों दलों की प्रभावी संख्या का सटीक आकलन हो सकेगा।

दिल्ली रैली के लिए पटवारी ले रहे तैयारियों का हिसाब

पीसीसी चीफ पूछ रहे- कितनी बसें बुक हुईं, कितने रेल टिकट हुए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

एसआईआर और कथित वोट चोरी के विरोध में 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली वोट बचाओ-देश बचाओ जन मार्च और महारैली के लिए मध्यप्रदेश कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और विधानसभा प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठकें कर रहे हैं। इन बैठकों में वे जिलेवार दिल्ली जाने वाले लोगों की संख्या के साथ परिवहन और आरक्षण की तैयारियों का हिसाब ले रहे हैं। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश से एक लाख लोगों को दिल्ली ले जाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

समीक्षा के दौरान पटवारी यह जानकारी ले रहे हैं कि किस जिले से कितनी बसें और चार पहिया वाहन बुक किए जा चुके हैं, रेलवे में कितने आरक्षण हुए हैं और दिल्ली जाने वाले लोगों की कितनी सूची तैयार हो गई है। पार्टी का जोर लक्ष्य के मुताबिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ यात्रा की व्यवस्था समय पर पूरी करने पर है।

संगठन के कामकाज की रिपोर्ट भी तलब

दिल्ली रैली की तैयारियों के साथ पटवारी विधानसभा प्रभारियों से उनके क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों की प्रगति का ब्योरा भी मांग रहे हैं। इसके लिए प्रभारियों से सवालों के जवाब मांगे गए हैं। इनमें बूथ लेवल एजेंट-2 (बीएलए-2) के गठन में योगदान और उसके भौतिक सत्यापन की स्थिति, मंडलम के गठन और सत्यापन तथा वार्ड-पंचायत समितियों के गठन और उनके भौतिक सत्यापन से जुड़े सवाल शामिल हैं।



ग्वालियर-चंबल के नेताओं को दो-दो हजार लोगों का लक्ष्य

ग्वालियर-चंबल संभाग के जिला अध्यक्षों, विधायकों, पूर्व विधायकों, विधानसभा प्रभारियों और जिला प्रभारियों को दो-दो हजार लोगों को दिल्ली ले जाने का लक्ष्य दिया गया है। प्रदेश के अन्य जिलों में पदाधिकारियों को एक-एक हजार लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। समीक्षा बैठकों में इन लक्ष्यों के मुकाबले अब तक हुई तैयारियों की जानकारी ली जा रही है।

सीएम डॉ. यादव समेत बड़े नेता देंगे सोशल मीडिया टीम को मंत्र

भाजपा की डिजिटल रणनीति पर मंथन आज:



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में भाजपा सोशल मीडिया पर अपनी पकड़ मजबूत करने और संगठन के डिजिटल अभियानों को प्रभावी बनाने की रणनीति पर सोमवार को मंथन करेगी। इसके लिए 26 अक्टूबर को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोशल मीडिया विभाग की कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव बिप्लब देब सहित संगठन के वरिष्ठ नेता सोशल मीडिया पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे।

कार्यशाला में प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक सोशल मीडिया विभाग की टीम शामिल होगी। इसमें प्रदेश पदाधिकारियों, संभाग प्रभारियों व सह प्रभारियों तथा जिला संयोजकों और सह संयोजकों को संगठन के डिजिटल अभियानों, सोशल मीडिया की प्रभावी भूमिका और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के तौर-तरीकों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे शुरू होगा।

संगठन के डिजिटल नेटवर्क को मजबूत करने पर जोर

कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के साथ प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, सोशल मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक दीपक म्हस्के और सह संयोजक शिवानंद द्विवेदी भी संबोधित करेंगे। सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी के मुताबिक, कार्यशाला का उद्देश्य सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संगठन की अपेक्षाओं के अनुरूप काम करने के लिए मार्गदर्शन देना है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार शाम 7 बजे भजन जैमिंग का आयोजन भी होगा। इसमें सोशल मीडिया से जुड़े युवा और इन्फ्लुएंसर्स शामिल होंगे। राजनीतिक संगठन के कार्यक्रमों के साथ डिजिटल माध्यमों और सोशल मीडिया से जुड़े लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिहाज से इस आयोजन को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

शरद पूर्णिमा पर उमड़ा श्रद्धा का सागर:

2 लाख भक्त आए, 28 क्विंटल घी, 350 निशान-10 हजार नारियल चढ़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खण्डवा

शरद पूर्णिमा पर संत सिंगाजी महाराज की समाधि के दर्शन के लिए 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालु आए। इंदिरा सागर जलाशय के बीच तीन तरफ पानी से घिरे सिंगाजी के मंदिर में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

यहां देश-प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से श्रद्धालु दर्शन के लिए आए। शाम 6 बजे तक श्रद्धालुओं ने 28 क्विंटल घी, 350 निशान और 10 हजार से अधिक नारियल अर्पित किए। बैकवाटर अधिक होने के कारण घाटों की निगरानी के लिए होमगार्ड,? एसडीईआरएफ, सिविल डिफेंस और आपदा मित्र वालंटियर्स की टीमें तैनात रहीं। 7 सेट फ्लोटिंग बॉल लगाए गए हैं, जबकि मोटर बोट से जल क्षेत्र में पेट्रोलिंग की गई। श्रद्धालुओं को गहरे पानी में नहीं जाने और निर्धारित सुरक्षा सीमा व बैरिकेडिंग पार नहीं करने की अपील की गई। सिंगाजी क्षेत्र में जलस्तर समुद्र तल से करीब 260 मीटर की



ऊंचाई पर है। इस बार जलस्तर पिछले साल की तुलना में करीब 2 मीटर कम रहा। सुरक्षा को लेकर प्रशासन व बचाव दल निगरानी करते रहे।

अलग-अलग हादसों में 4 लोगों की मौत: स्पीड ब्रेकर के झटके से महिला बाइक से सड़क पर गिरी, मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुना

गुना जिले में अलग-अलग हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। आरोन के क्यांपुर गांव में खेत पर काम करते समय किसान रोटावेटर की चपेट में आ गया। म्याना थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो किसानों की जान चली गई। वहीं, नेशनल हाईवे-46 पर निमार्णाधीन सड़क पर बने ब्रेकर से बाइक उछलने के बाद महिला की मौत हो गई। हादसों में एक किसान मक्का की फसल का भुगतान लेकर घर लौट रहा था, जबकि दूसरा खेत पर मक्का कटवाने जा रहा था। रोटावेटर में फंसा पैर, किसान की मौत : आरोन थाना क्षेत्र के क्यांपुर गांव में शनिवार रात करीब 8 बजे खेत पर काम करते समय 38 वर्षीय अशोक रजक रोटावेटर की चपेट में आ गए। बताया गया कि रोटावेटर पर खड़े रहने के दौरान संतुलन बिगड़ने से वे नीचे गिर गए और उनका पैर मशीन में फंस गया। गंभीर हालत में उन्हें आरोन अस्पताल से गुना जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों दिया गया। अशोक के 3 बच्चे हैं। मक्का का भुगतान लेकर लौट रहे किसान की बाइक से टक्कर : म्याना थाना क्षेत्र के टांडा गांव के पास शुक्रवार शाम करीब 5 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई।

भाजपा नेता के छोटे भाई की गोली मारकर हत्या

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुना

गुना जिले के सिरसी थाना क्षेत्र के सारेठा गांव में रविवार रात करीब 8 बजे विजय यादव (40) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। फायरिंग का आरोप उनके बड़े भाई भरत सिंह यादव के बेटे विशाल पर है। बताया जा रहा है कि परिवार में वन विभाग की करीब 500 बीघा जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। परिजन विजय को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके बड़े भाई और भाजपा जिला मंत्री वीर बहादुर सिंह सारेठा को भाई की मौत की खबर सुनकर बीपी बढ़ने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, आरोपी विशाल के मारकीमहू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती होने की जानकारी मिली है। पुलिस उसे पकड़ने के लिए वहां रवाना हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

एक बस से लपटें दूसरी बसों तक पहुंची; नागपुर-अहमदाबाद-सूरत जाने वाले यात्रियों के ट्रिप कैंसिल

भोपाल-आईएसबीटी पर वर्मा ट्रेवल्स की 8 बसों में लगी आग

आईएसबीटी से हर घंटे करीब 50 से 60 बसें रवाना होती हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल के आईएसबीटी बस स्टैंड पर रविवार शाम वर्मा ट्रेवल्स की बसों में आग लग गई। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, एक बस में लगी आग आसपास खड़ी दूसरी बसों तक फैल गई। करीब 8 बसों में आग लगी है। इनमें नागपुर-अहमदाबाद और सूरत रूट की बसें शामिल हैं। फायर ऑफिसर सौरभ पटेल के मुताबिक, फायर सर्विस की 10 गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। फिलहाल आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चल पाया है। हादसे में 4 से 5 करोड़ का नुकसान हुआ है। हालांकि किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। घटना के बाद यात्रियों की सभी ट्रिप कैंसिल कर दी गई हैं। भोपाल के आईएसबीटी बस स्टैंड पर जिन बसों में आग लगी, वे सभी खाली खड़ी थीं। ये बसें बालाघाट, सिवनी, इंदौर समेत अन्य रूटों पर जाने वाली थीं। घटना के समय बसों में यात्री मौजूद नहीं थे। जहां बसों में आग लगी है,



वहां आसपास ऑयल टैंकर भी खड़े थे।

वर्मा ट्रेवल्स के मालिक दीपक वर्मा ने बताया कि हादसे में करीब 4 से 5 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। आग शुरूआत में 2 से 3 बसों में लगी थी, जो फैलकर दूसरी बसों तक पहुंच गई। घटना की सूचना मिलने के 15 से 20 मिनट के भीतर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई थीं। करीब 15 से 20 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग बुझाने का काम किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं

दीपक वर्मा ने कहा कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। आग कैसी लगी ये पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि आग की चपेट में आई सभी 8 बसें गुजरात, अहमदाबाद, सूरत समेत कई अन्य शहरों के लिए रवाना होने वाली थीं। हादसे के बाद इन बसों में जिन यात्रियों की बुकिंग थी, उनकी टिकटें कैंसिल कर दी गई हैं। दीपक वर्मा के मुताबिक, आईएसबीटी से हर घंटे करीब 50 से 60 बसें रवाना होती हैं। ऐसे में बसों में आग लगने की घटना से यात्री सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं।

रीवा न्यूक्लियर प्लांट के विरोध में भोपाल में धरना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल के व्यापमं चौराहे पर रविवार को रीवा में प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्लांट के विरोध में कांग्रेस नेता दिलीप तिवारी साथियों के साथ धरने पर बैठे। उन्होंने आशंका जताई कि प्लांट से पर्यावरण, जल और जमीन पर खतरा बढ़ेगा, जिसका असर लोगों की सेहत पर भी पड़ सकता है। तिवारी ने कहा कि रीवा में पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हैं। ऐसे में परमाणु प्लांट लगने से लोगों की परेशानी और बढ़ सकती है। उन्होंने मांग की कि सरकार प्लांट के बजाय क्षेत्र में रोजगार के दूसरे साधन विकसित करे। इसके अलावा दिलीप तिवारी ने कहा कि वे अपनी जान देने को तैयार हैं, लेकिन अपनी जमीन और पानी को जहरीला नहीं होने देंगे। छह दिनों से रीवा में चल रहा जल सत्याग्रह दिलीप तिवारी ने कहा कि क्षेत्र में प्लांट के विरोध में पिछले 24 दिनों से लगातार आंदोलन चल रहा है। आंदोलनकारियों के समर्थन में विंध्य के लोग भोपाल में धरना दे रहे हैं। छह दिन से जल सत्याग्रह भी शुरू हुआ है, जिसमें वे खुद दो दिन शामिल रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन के दौरान आदिवासी महिला विमला कोल की मौत हो गई, लेकिन शासन-प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर देखने तक नहीं पहुंचा।

विद्युत जामवाल ने शख्स की जान बचाने का वीडियो शेयर किया...

टाइगर पर फायरिंग मामले में कहा था- कोई तो आरोपियों को पकड़ लेता, लोग तमाशा देखते रहे

अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुए हमले के बाद फैंस पर सवाल उठाकर सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना कर रहे अभिनेता विद्युत जामवाल ने एक वीडियो साझा किया है।

इस पुराने वीडियो में विद्युत रियल लाइफ में एक व्यक्ति की जान बचाते हुए नजर आ रहे हैं। यह वीडियो उनकी फिल्म 'बुलेट राजा' की शूटिंग के दौरान का है, जहां एक व्यक्ति गहरी और कांटेदार ढलान से फिसलकर नीचे गिर गया था और विद्युत ने अपनी जान की परवाह किए बिना नीचे कूदकर उसे बचाया था। इससे पहले विद्युत ने फैंस से कहा था ह्यकोई तो टाइगर के हमलावरों को पकड़ लेता, गोलियां चलती रहीं लोग तमाशा देखते रहे। इस बयान के बाद विद्युत को भारी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। यह पूरा मामला 18 अक्टूबर को मुंबई के जुहू में हुई घटना से जुड़ा है, जहां अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर बाइक सवार हमलावरों ने फायरिंग की थी। इस घटना के बाद विद्युत जामवाल ने एक वीडियो संदेश जारी कर टाइगर को निडर बताया था, लेकिन साथ ही मौके पर मौजूद प्रशंसकों पर सवाल खड़े किए थे। विद्युत ने कहा था कि वहां कई फैंस मौजूद थे जो खुद को सबसे बड़ा फैन बताते हैं, लेकिन गोलियां चलने के दौरान उनमें से किसी ने भी भागकर हमलावरों को पकड़ने या रोकने की कोशिश नहीं की।

'बुलेट राजा' के सेट पर बचाई थी व्यक्ति की जान

शेयर किया गया वीडियो उनकी फिल्म 'बुलेट राजा' की शूटिंग का है। वीडियो में देखा जा सकता है कि शूटिंग के दौरान एक व्यक्ति गहरी और कांटेदार ढलान पर अनियंत्रित होकर गिर जाता है। उसे गिरता देख विद्युत तुरंत ढलान की ओर दौड़ते हैं और नीचे कूदकर उस व्यक्ति को सुरक्षित पकड़ लेते हैं। अगर विद्युत सही समय पर वहां नहीं पहुंचते, तो उस व्यक्ति को गंभीर चोट लग सकती थी।

डायरेक्टर तिग्मांशु धूलिया ने की थी विद्युत की तारीफ

वीडियो क्लिप में फिल्म के निर्देशक तिग्मांशु धूलिया भी विद्युत जामवाल की तारीफ करते दिख रहे हैं। तिग्मांशु धूलिया ने बताया था कि वह जगह काफी गहरी, संकरी और कांटों से भरी थी, जहां जरा सा पैर फिसलने पर गंभीर चोट आ सकती थी। इसके बावजूद विद्युत तुरंत उस व्यक्ति को बचाने के लिए नीचे कूद गए। निर्देशक ने कहा कि दूसरों की मदद करना विद्युत के स्वभाव में शामिल है।

रवीना@54, लव लाइफ के किस्से... ऋषि कपूर थे क्रश

जो लड़का पसंद था, उसने चोटी खींचकर मोटी कहा, अक्षय ने सगाई तोड़ी, अजय ने पागल कहा



टिप टिप बरसा पानी, तू चीज बड़ी है मस्त मस्त और अंखियों से गोली मारे। 90 के दशक में इन गानों ने रवीना टंडन को लाखों दिलों की धड़कन बना दिया था। पर्दे पर उनकी अदाओं के दीवाने थे, उनकी खूबसूरती के चर्चे थे और उनकी एक झलक पाने के लिए फैंस घंटों इंतजार करते थे।

लेकिन जिस रवीना पर एक दौर में पूरा जमाना फिदा था, उनकी अपनी मोहब्बत की कहानी इतनी आसान नहीं थी। बचपन में कभी जिस लड़के को पसंद किया, उसने चोटी खींचकर मोटा कह दिया। बचपन का क्रश ऋषि कपूर किसी और के हो गए, तो रवीना उनकी शादी में मुंह फुलाए घूमती रहीं। बड़े होकर अजय देवगन के साथ रिश्ते को लेकर ऐसी बयानबाजी हुई कि मामला सार्वजनिक विवाद बन गया। फिर अक्षय कुमार से सगाई हुई, शादी की तैयारियां भी शुरू हो गईं, लेकिन रिश्ता मंजिल तक नहीं पहुंचा। दिलचस्प बात यह है कि रवीना की जिंदगी में जब अनिल थडानी आए, तब भी कहानी किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं थी। वैलेंटाइन्स डे की एक पार्टी में पहली बार उन्हें देखकर दिलचस्पी जगी, लेकिन उस वक्त अनिल किसी और को डेट कर रहे थे।


आखिरकार, तमाम उतार-चढ़ाव के बाद रवीना को वह साथी मिला, जिसके साथ उन्होंने जिंदगी बिताने का फैसला किया।

रवीना टंडन का जन्म 26 अक्टूबर 1972 को बॉम्बे (अब मुंबई) में हुआ था। उनके पिता रवि टंडन फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने निर्देशक थे। घर में फिल्मी हस्तियों का आना-जाना लगा रहता था। रवीना के पिता ने ऋषि कपूर और नीतू सिंह के साथ फिल्म खेल खेल में बनाई थी। इसी फिल्मी मेलजोल के बीच रवीना को ऋषि कपूर एकतरफा पसंद आ गए।

रवीना ने लहरें को दिए एक पुराने इंटरव्यू में बताया था कि ऋषि कपूर जब भी विदेश जाते, उनके लिए कोई न कोई गुड़िया लेकर आते थे। इन तोहफों ने उनके मन में ऋषि के लिए खास जगह बना दी थी। लेकिन फिर आया 1980, जब ऋषि कपूर ने नीतू सिंह से शादी कर ली। रवीना के लिए यह खबर किसी झटके से कम नहीं थी। उन्होंने खुद स्वीकार किया था कि ऋषि की शादी से वह इतनी नाराज थीं कि पूरी शादी के दौरान मुंह फुलाए घूमती रहीं। रवीना के मुताबिक, ऋषि कपूर की शादी में उनकी नाराजगी दूर करने के लिए उन्हें लंदन से बोलने वाली गुड़िया लाकर दी गई थी।जिस सितारे को कभी वह अपना क्रश मानती थीं, बाद में उसी के साथ फिल्म साजन की बाहों में में रोमांस करने का मौका भी मिला। रवीना के मुताबिक, तब ऋषि कपूर हंसते थे कि अब उन्हें चिंटू अंकल की जगह चिंटू जी कहना पड़ेगा।

रवीना की जिंदगी में अगला किस्सा किसी फिल्मी सेट पर नहीं, बल्कि घर की चारदीवारी में शुरू हुआ था। वह महज 14 साल की थीं, जब उन्हें घर के पास रहने वाले अपने बड़े भाई राजीव के एक दोस्त से एकतरफा प्यार हो गया। वह लड़का उम्र में उनसे बड़ा था और कॉलेज जाता था। रवीना को उसकी एक झलक पाने का इंतजार रहता था। वह छत पर बैठकर उसके कॉलेज से लौटने का इंतजार करतीं और उस दौरान पंकज उधास के गाने सुना करती थीं।

टाइगर श्रॉफ ने क्राइम ब्रांच को नहीं दिया बयान



टीम ने फर्जी रिपोर्ट का खंडन किया; फायरिंग मामले में अब तक 10 आरोपी गिरफ्तार

मुंबई के जुहू इलाके में अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर हुई फायरिंग मामले में उनकी टीम का स्पष्टीकरण सामने आया है। टाइगर श्रॉफ के प्रवक्ता ने उन मीडिया रिपोर्ट्स को पूरी तरह से खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया गया था कि अभिनेता ने मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच को सदमे में होने का बयान दिया है।

प्रवक्ता ने कहा कि टाइगर ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। वहीं, मामले की जांच कर रही पुलिस ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से अब तक 10 लोगों को हिरासत में लिया है।

एनडीटीवी की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया था कि टाइगर श्रॉफ ने क्राइम ब्रांच से बातचीत में कहा था कि वे गहरे सदमे में हैं और उनके ऊपर ऐसा जानलेवा हमला कौन और क्यों करना चाहेगा। हालांकि, संपर्क करने पर टाइगर श्रॉफ के प्रवक्ता ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया। प्रवक्ता ने कहा कि यह खबर पूरी तरह से झूठ है। टाइगर ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है और न ही इस तरह की कोई बात हुई है।

इससे पहले टीम ने सोशल मीडिया पर चल रहे फर्जी दावों, अक से बने वीडियो और मनगढ़ंत कहानियों से बचने की अपील की। उसने लोगों से सिर्फ टाइगर और उनकी आधिकारिक टीम की जानकारी पर भरोसा करने को कहा। टीम ने कहा कि फर्जी खबरें और अक से बना कंटेंट फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टीम ने कहा, हम ऐसे कंटेंट का समर्थन नहीं करते और न ही इससे हमारा कोई संबंध है। मीडिया संस्थानों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया पेजों को जिम्मेदारी दिखानी चाहिए। किसी भी जानकारी को पब्लिश करने से पहले उसकी पुष्टि करनी चाहिए। एंगेजमेंट या आर्थिक फायदे के लिए गलत जानकारी बनाने या फैलाने से बचना चाहिए। एक वीडियो में टाइगर और सलमान को साथ दिखाया गया। 18 अक्टूबर को मुंबई के जुहू इलाके में टाइगर श्रॉफ की कार पर फुटबॉल ग्राउंड के बाहर निकलते हुए फायरिंग हो गई। दो हमलावरों ने 5-7 राउंड फायरिंग की। टाइगर जख्मी हुए, जबकि उनके ड्राइवर को गोली लगी। ड्राइवर के जख्मी होने पर टाइगर श्रॉफ ड्राइविंग सीट पर आए और सीधे अस्पताल पहुंचे।

आश्रम 4 की शूटिंग टीम की बस के ब्रेक फेल

ऋषिकेश-चंबा मार्ग पर ताछिला-बेमर के पास हुआ हादसा, बस में सवार करीब 20 लोग सुरक्षित


ऋषिकेश और चंबा के बीच ताछिला-बेमर के पास रविवार को ह्यआश्रम 4 की शूटिंग टीम को लेकर जा रही टूरिस्ट बस के अचानक ब्रेक फेल हो गए। बस जयपुर, राजस्थान की थी और इसमें शूटिंग दल के करीब 20 सदस्य सवार थे। ढलान पर ब्रेक फेल होने से बस में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन चालक शाहिद अली की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।

ब्रेक फेल होने के बाद चालक ने घबराने के बजाय बस को नियंत्रित किया। उन्होंने बस को सड़क किनारे बनी नाली में उतार दिया और धीरे-धीरे सुरक्षित रोक लिया। चालक के इस फैसले से बस पलटने या किसी दूसरी गाड़ी से टकराने की स्थिति नहीं बनी। बस रुकने के बाद उसमें सवार सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। राहत की बात रही कि हादसे में किसी भी सदस्य को चोट नहीं आई। बाद में शूटिंग टीम के सदस्यों को अन्य वाहनों से उनके गंतव्य की ओर रवाना किया गया। शूटिंग दल ने चालक शाहिद अली की सूझबूझ और समय पर लिए गए फैसले की सराहना की।


पहाड़ी सड़कों पर हादसे रोकना चुनौती

उत्तराखंड में पहाड़ी सड़कों पर सड़क हादसे लगातार चिंता का विषय बने हुए हैं। हादसों को रोकने के लिए परिवहन और पुलिस विभाग की ओर से प्रवर्तन अभियान चलाए जाते हैं। वहीं, निर्माण एजेंसियां सड़कों की स्थिति सुधारने और ब्लैक स्पॉट को ठीक करने पर काम कर रही हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से भी जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। इसके बावजूद सड़क दुर्घटनाओं में अपेक्षित कमी नहीं आ पाई है। पहाड़ी क्षेत्रों में ब्लैक स्पॉट के साथ वाहन की तकनीकी खराबी, सड़क की स्थिति और ढलान जैसे कारण भी दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ाते हैं।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ




जोक्स

मास्टर जी: सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्र: किताब में
मास्टर जी: कैसे?
छात्र: क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है

टीचर: कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्र: बनिए !
टीचर: वो कैसे ?
छात्र: क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं
1. दर्द से निकली कराह-2
2. ओट, चिलमन-3
4. जरा, थोड़ा-2
6. कपड़े की दीवार-3
7. निर्माण-3
8. झगड़ा, अनबन-3
9. गहन-3
10. लाज, लज्जा-3
11. रनिवास-3
13. 500 कागजों की गड्डी-2
14. विश्राम, राहत-3
15. थोड़ा-2
16. एक कीमती लकड़ी-3
17. कैनाल, उपनदी-3
18. बूंद-3
19. मृत्युंजय-3
20. मेघ, बदरा-3
21. सम्राट, राजा-3
23. संपत्ति-2
24. विष, गरल-3
25. औषधि-2

ऊपर से नीचे
1. अग्नि, अनल-2
2. आश्रय, शरण-2
3. लीन, मगन-2
4. कूड़ा-कर्कट-3
5. इकार-2
6. लेखनी, पेन-3
7. करुणा, दया-3
8. कर्म, भाग्य-3
9. उष्ण-3
10. भद्र, कुलीन-3
11. अवैध, नाजायज-3
12. युद्ध, रण-3
14. आश्रय-3
15. जलजला-3
16. ठंडा-3
17. नमस्कार, प्रणाम-3
18. कद्र, मान-3
19. जो कभी वृद्ध न हो-3
20. चील, ईगल-2
21. पथ, मार्ग-2
22. इस पर रोटी सेंकते हैं-2

माथा पच्ची

60		28		6		24	=	14
40		20		5		10	=	65
20		4		20		4	=	15
60		6		2		10	=	30
=		=		=		=		=
20		6		20		20	=	34 / 16

संकेत
खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

कृ	ष	मु	स	रीं	क	हे	ना	प्या	र	हैं
य	क्कि	स	ना	तु	म	जा	नो	ना	ह	म
य	के	या	है	मि	ल	मा	न	व	ष्टि	रू
ई	ट	टें	न	शा	वा	श्य	क	से	ज	क
प	दा	ह	भी	ने	तो	हसे	व	गो	भी	त
कसे	स	क	ष	श	स	ए	व	खु	यों	व
द	ई	व	न	जी	न	ह	ती	गो	ली	द
क	र	मि	ष	वस	ष	क	र	यो	आ	ख
र	व	त	ल	स	भै	त	श्मी	अ	सा	अ
क	र	ल	ष	ग	ज	ता	रे	र	ह	द
क	ह	रि	म	श	या	धि	मु	की	फि	जा

शब्दजाल में ऋतिक रोशन की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एव तिरछे हो सकते हैं.

कृष, कोई मिल गया, कभी खुशी कभी गम, फिजा, कहो ना प्यार है, मीशन कश्मीर, यादें, ना तुम जानो ना हम, लक्ष्य, आशा.

अष्टयोग

7		3			2	
	31		31		28	2
4		1		3		
5	28	6	31		39	3
		4			7	
3	29		32	7	40	5
	3	2	4		7	1

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

45	+	3	+	61	-	10	=	66
+		+		-		x		+
20	x	5	-	51	-	25	=	24
+		+		-		÷		+
50	-	40	+	10	+	25	=	45
-		-		+		+		-
70	+	18	+	27	-	40	=	75
=		=		=		=		=
45	+	30	+	27	-	50	=	52 / 32

अष्टयोग का हल

6	3	2	4	5	7	1
2	27	7	32	4	34	2
4	2	1	6	3	5	7
5	28	6	31	6	39	3
1	5	4	3	2	7	6
3	33	5	31	7	34	5
7	5	3	6	1	2	4

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल

मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

पंजाब-हरियाणा में ओले गिरे, यमुनोत्री में सीजन की पहली बर्फबारी

बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान अर्नब; आंध्र प्रदेश समेत 4 राज्यों में रेड अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के पूर्वी-मध्य और उससे सटे दक्षिण-पूर्वी हिस्से में बना कम दबाव का क्षेत्र डीप डिप्रेशन में बदल गया। इसके 28 अक्टूबर को बापटला और विशाखापत्तनम के बीच आंध्र प्रदेश और यनम के तटों को पार करने की संभावना है।

इसे अर्नब नाम दिया गया है। यह नाम बांग्लादेश ने दिया है, इसका मतलब बंगाली में समुंदर/महासागर होता है। लैंडफॉल के समय हवा की गति लगभग 115-125 kmph होगी, जो 140 kmph तक पहुंच सकती है।

तूफान के कारण ओडिशा में भी तेज हवाएं चलेंगी और बारिश होगी। ओडिशा में आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। संवेदनशील जिलों में 225 बचाव दल हाई अलर्ट पर हैं। देश के उत्तरी हिस्से में उत्तराखंड के यमुनोत्री धाम में रविवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली में ओले गिरे।

हैदराबाद में गर्मी जैसा जलसंकट, 233% बढ़ी टैंकरों की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद

तेलंगाना के हैदराबाद में मानसून बीतने के महज 17 दिन बाद ही गर्मियों जैसा जलसंकट खड़ा हो गया है। शहर में आमतौर पर मार्च से पानी के टैंकरों की मांग बढ़ती थी, लेकिन इस बार अक्टूबर में ही रोजाना 8 हजार टैंकर बुक हो रहे हैं। जल बोर्ड के मुताबिक, अक्टूबर में अब तक 62,565 टैंकर बुक हुए, जबकि पिछले साल इसी दौरान 18,806 बुकिंग हुई थीं। यानी मांग 233% बढ़ गई है। बोडुप्पल इलाके में बीते साल की तुलना में 22 गुना टैंकरों की मांग बढ़ी है। यह संकट इसलिए भी असामान्य है, क्योंकि गर्मियों का मौसम अभी 5 महीने दूर है। पानी की कमी के चलते अब तेलंगाना की बासर यूनिवर्सिटी में सोमवार से क्लासेज ऑनलाइन होंगी। यहां रोज 25 लाख लीटर पानी की जरूरत है, लेकिन 10 लाख लीटर ही मिल रहा है। सबसे ज्यादा मार शहर के तेजी से बढ़ते रिहायशी व आईटी इलाकों पर पड़ी है। अपार्टमेंट, दफ्तर व अन्य की टैंकरों पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। 20 हजार बोरवेल सूख चुके हैं। वहीं, जलाशयों में घटता पानी चिंता बढ़ा रहा है। जल बोर्ड ने पानी की खपत 20% घटाने की अपील की है। पानी की कमी के बीच कुछ इलाकों में अवैध रूप से पानी बेचने के मामले भी सामने आ रहे हैं। सुन्नम चेरुवु झील के आसपास कुछ घरों में बिस्तर के नीचे और रसोई के भीतर बोरवेल लगाए गए थे। पानी पाइपलाइनों के जरिए स्टोरेज टैंकों तक पहुंचता था। फिर बड़े टैंकरों में भरकर बेचा जा रहा था। ड्रोन की मदद से इस कथित नेटवर्क का पता चला। 15 बोरवेल और उनसे जुड़ी पाइपलाइनें हटाई गई हैं।

इस साल 27% कम बारिश, 1 साल में जलस्तर 22 फीट नीचे

हैदराबाद में इस बार बारिश इतनी कम हुई कि मानसून भी भूजल की कमी पूरी नहीं कर सका। शहर में सामान्य 627 मिमी के मुकाबले 27% कम यानी 458 मिमी बारिश हुई। शहर के 16 में से 13 मंडलों में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई। इनमें चारमीनार में 39% व सैदाबाद में 38% कमी रही। कम बारिश के कारण भूजल संकट गंभीर होने लगा है। सितंबर 2025 के मुकाबले सितंबर 2026 में ग्रेटर हैदराबाद और आसपास के शहरी क्षेत्र का भूजल औसतन 22.5 फीट नीचे चला गया। तेजी से बढ़ते अपार्टमेंट, लगातार भूजल निकासी और कम बारिश ने समस्या गंभीर कर दी है।

किल्लत; सिंगूर जलाशय में 11% पानी, सप्लाई 9 नवंबर तक ही संभव

हैदराबाद को पानी देने वाले सिंगूर जलाशय में भंडार तेजी से घट रहा है। इसकी कुल क्षमता 29.91 टीएमसी है, जबकि 17 अक्टूबर को इसमें 3.416 टीएमसी पानी बचा था। यानी क्षमता का सिर्फ 11%। आकलन के मुताबिक, पानी निकालने की मौजूदा दर जारी रही तो सिंगूर से सामान्य आपूर्ति के लिए पानी 9 नवंबर तक ही पर्याप्त होगा। इसके बाद विशेष पंपों से निकालकर 10 दिसंबर तक ही आपूर्ति बढ़ाई जा सकती है। देश के जलाशयों में पिछले साल से 28 फीसदी कम पानी देश के प्रमुख जलाशयों में पिछले साल के मुकाबले 28% कम पानी है। केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक, 178 जलाशयों में 123.2 अरब घनमीटर पानी है। यह क्षमता का 67% है, जबकि बीते साल 93% था। यानी 26% अंक घटा है। सबसे गंभीर स्थिति दक्षिण भारत की है। आंध्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु व तेलंगाना के 50 जलाशयों में 42% पानी है।

बातचीत किससे करें, वहां कोई नेता ही नहीं बचा; आज हमला करने की बात कही थी

डोनाल्ड ट्रम्प बोले- ईरान के नेताओं को मारना रोकना होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को एक रैली में ईरान पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि ईरान में अब कोई नेता नहीं बचा है और उन्हें यह समझने में परेशानी हो रही है कि बातचीत के लिए किससे बातचीत करें। दरअसल, युद्ध के शुरूआती कुछ हफ्तों में अमेरिका और इजराइल ने हवाई हमलों में ईरान के कई बड़े राजनीतिक और सैन्य नेताओं को मार दिया था। इनमें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई भी शामिल थे।

इससे पहले ट्रम्प ने शनिवार को कहा कि अमेरिका रविवार को हमला कर सकता है। उनसे पूछा गया था कि क्या अमेरिका ईरान पर हमला करेगा। इस पर उन्होंने कहा, क्या आपको सच में लगता है कि मैं आपको यह बताऊंगा? शायद कल... हमला करने की संभावना है। यह भी हो सकता है कि हमारे बीच एक अच्छी, बड़ी और शानदार डील हो जाए। ट्रम्प ने मिडटर्म चुनाव के लिए फ्लोरिडा में वोट डाला। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की। ट्रम्प ने मिडटर्म चुनाव के लिए फ्लोरिडा में वोट डाला। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की। ट्रम्प ने अमेरिकी सेना की तारीफ करते हुए दावा किया कि उसने ईरान के सभी लड़ाकू विमान मार गिराए हैं और 259 जहाज समुद्र में डुबो दिए हैं।

ट्रम्प ने कहा, हमारी सेना और नौसेना ने शानदार काम किया है। उन्होंने ईरान के सभी लड़ाकू विमान तबाह कर दिए हैं। अब ईरान में सिर्फ रिकॉर्ड महंगाई बची है। ट्रम्प युद्ध को खत्म करने की समयसीमा को लेकर पहले भी अलग-अलग बयान दे चुके हैं। अक्टूबर की शुरूआत में उन्होंने कहा था कि अमेरिका 3 नवंबर को होने वाले मिडटर्म चुनाव से पहले ईरान पर हमला नहीं करेगा।

इन चुनावों से तय होगा कि अमेरिकी संसद के दोनों सदनों में किस पार्टी का नियंत्रण रहेगा। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने 21 अक्टूबर को अपनी रिपोर्ट में बताया कि अमेरिकी और इजराइली सेनाओं ने मिडटर्म चुनाव के बाद ईरान पर दोबारा हमले की योजना बनाई है। ईरान ने रविवार को दावा किया कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने दक्षिणी बंदरगाह शहर बंदर अब्बास के ऊपर एक अमेरिकी ड्रोन मार गिराया। ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यह ड्रोन अमेरिका की सेना के लिए बनाया गया छवउअर हमलावर ड्रोन था। ईरान अमेरिकी अधिकारियों की हत्या की साजिश रच रहा है। अमेरिकी खुफिया अधिकारियों को शक है कि मिडिल ईस्ट और अमेरिका में मौजूद अधिकारियों को निशाना बनाने की तैयारी चल रही है।

अमेरिकी खुफिया विभाग की डायरेक्टर जे क्लेटन ने 23 अक्टूबर को विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भेजे मेमो में कहा कि ईरान ने अमेरिकी अधिकारियों को निशाना बनाने की कोशिशें तेज कर दी हैं।द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के कारण एक छोटी-सी घटना भी बड़े युद्ध की वजह बन सकती है। दूसरी तरफ, ईरान को भी डर है कि अमेरिका और इजराइल उस पर फिर बड़ा हमला कर सकते हैं।

हत्या की साजिशें एडवांस स्टेज में पहुंचीं

डायरेक्टर जे क्लेटन ने मेमो में कहा कि ईरान की ओर से अमेरिकी नागरिकों की हत्या की साजिशें अब एडवांस स्टेज में पहुंच गई हैं। अमेरिकी अधिकारियों को आशंका है कि ईरान मिडिल ईस्ट में अमेरिकी राजदूतों और अमेरिका में मौजूद अधिकारियों को निशाना बना सकता है। रिपोर्ट में ईरान की यूनिट 840 का भी जिक्र है। इस यूनिट पर दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में अपहरण और हत्या की कोशिशें करने के आरोप लगते रहे हैं। हालांकि, ईरान की ऐसी कुछ कोशिशें नाकाम भी रही हैं। पहले हत्या के लिए भेजे गए कुछ लोग अपने टारगेट तक पहुंचने से पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

गोलीबारी से पहले छात्रों के बीच झगड़ा हुआ था

अमेरिका के फ्लोरिडा में स्टेडियम के पास फायरिंग, 12 घायल:इनमें 6 बच्चे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन



अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य के तलहासी में शनिवार रात फुटबॉल स्टेडियम के पास फायरिंग में 12 लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, घायलों में 6 बच्चे शामिल हैं। 3 लोगों की हालत गंभीर है, जबकि 9 की स्थिति स्थिर बताई गई है। मामले में अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस की शुरूआती जांच के मुताबिक, फायरिंग से पहले वहां छात्रों के बीच झगड़ा हुआ था। फुटबॉल मैच के बाद इलाके में भीड़भाड़ थी।

पुलिस के मुताबिक, फायरिंग जिस स्टेडियम के पास हुई स्टेडियम फ्लोरिडा एग्रीकल्चरल एंड मैकेनिकल यूनिवर्सिटी (ऋअटव) का है। उस वक्त यूनिवर्सिटी में होमकमिंग वीकेंड चल रहा था। यह यूनिवर्सिटी का खास आयोजन होता है, जिसमें पुराने छात्र अपने कॉलेज लौटते हैं और मौजूदा छात्रों के साथ खेल व दूसरे कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं।

तलहासी पुलिस प्रमुख लॉरेंस रेवेल ने बताया कि घटनास्थल पूरी तरह सुरक्षित होने से पहले ही पुलिस अधिकारियों ने घायलों को सुरक्षित जगह पहुंचाया और अस्पताल ले जाने में मदद की। उन्होंने बच्चों के घायल होने पर दुख जताया। यूनिवर्सिटी ने सोशल मीडिया पर बताया कि फायरिंग उसके कैंपस के पास हुई, लेकिन परिसर सुरक्षित है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अधिकारी झगड़े की वजह और गोलीबारी में शामिल लोगों की पहचान करने में जुटे हैं। पुलिस ने लोगों से घटना से जुड़ी जानकारी शेयर करने की अपील की है।

1 मार्च - टेक्सासः ऑस्टिन में एक बार के बाहर गोलीबारी हुई। इस घटना में 3 लोगों की मौत हुई और 14 लोग घायल हुए। 19 अप्रैल - लुइसियानाः एक व्यक्ति ने दो घरों में गोलीबारी कर 8 बच्चों की हत्या कर दी। बाद में पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

फ्रांस में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, 1300 गिरफ्तार

महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरे लाखों लोग, पेरिस में पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पेरिस

फ्रांस में महंगाई, स्कूलों की बदहाली और पुलिस की सख्ती के खिलाफ शनिवार को लाखों लोग सड़कों पर उतर आए। पेरिस समेत कई शहरों में प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पेरिस में मार्च के अंत में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस छोड़ी। गृह मंत्रालय के मुताबिक, देशभर में करीब 1300 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

सरकारी आकंड़ों के मुताबिक प्रदर्शनों में करीब 4 लाख लोग शामिल हुए। दूसरी तरफ ट्रेड यूनियनों ने 8 लाख लोगों के शामिल होने का दावा किया।

सरकारी अनुमान के मुताबिक, पेरिस में करीब 1.10 लाख लोगों ने मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने महंगाई, सरकार की पुलिस व्यवस्था और स्कूलों में सुविधाओं की कमी के खिलाफ आवाज उठाई। उनके हाथों में ऐसे बैनर थे, जिन पर लिखा था- 'दमन से विद्रोह पैदा होता है' और 'प्रदर्शन करना हमारा अधिकार है'। शुरूआत में प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। इसमें छात्र, अभिभावक और बुजुर्ग भी शामिल हुए। हालांकि, मार्च खत्म होने के दौरान कुछ नकाबपोश लोगों ने पुलिस पर पत्थर और कांच की बोतलें फेंकीं। कुछ जगह कूड़ेदानों में आग लगाई गई और पुलिस की ओर पटाखे फेंके गए। इसके बाद पुलिस ने आंसू गैस, वाटर कैनन और स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों की भीड़ पर लाठीचार्ज भी किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की ओर से दागे गए आंसू गैस के गोले वापस उन्हीं की तरफ फेंके।

मार्सेई में पुलिस-प्रदर्शनकारियों में झड़प, 2 गंभीर रूप से घायल

पेरिस के अलावा लियोन, लिली, मॉन्टपेलियर, नांत और टूलूज में भी प्रदर्शन हुए। पुलिस ने इन शहरों में प्रदर्शनकारियों को मुख्य इलाकों तक पहुंचने से रोकने के लिए आंसू गैस छोड़ी। मार्सेई में भी पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। रिपोर्ट के मुताबिक, क्लेरमों-फेरां और टूलूज में कम से कम दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए। टूलूज में एक व्यक्ति की विस्फोटक पुलिस हथियार की वजह से उंगलियां कटने की खबर है। हिंसा की आशंका को देखते हुए फ्रांस के शहरों में 70 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। कई दुकानों के बाहर सुरक्षा के लिए लकड़ी के पटरे लगाए गए और कई संग्रहालय बंद रखे गए।

80 साल के लूला चौथी बार ब्राजील के राष्ट्रपति बने

फ्लावियो बोल्सोनारो को हराया; पहले राउंड में पिछड़ने के बाद जीते, 37 साल बाद हुआ ऐसा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्राजीलिया



ब्राजील में 80 साल के लूला दा सिल्वा ने चौथी बार राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। वे पहले दौर की वोटिंग में फ्लावियो बोल्सोनारो से पिछड़ गए थे, लेकिन दूसरे दौर में बाजी पलट दी। 1989 में ब्राजील में सीधे राष्ट्रपति चुनाव शुरू होने के बाद पहली बार ऐसा हुआ है, जब पहले राउंड में दूसरे नंबर पर रहने वाला उम्मीदवार आखिर में राष्ट्रपति बना।

वहीं फ्लावियो पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के बेटे हैं। बोल्सोनारो परिवार अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का करीबी माना जाता है। पहने चरण में उन्हें 47% वोट मिले थे। लूला 2003 से 2011 तक ब्राजील के राष्ट्रपति रह चुके हैं। दो बार लगातार राष्ट्रपति रहने के बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। 2022 में उन्होंने फ्लावियो के पिता जायर बोल्सोनारो को हराकर फिर से सत्ता हासिल की।

लूला का राजनीतिक सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। 2018 में भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें जेल जाना पड़ा था। बाद में उनकी सजा रद्द कर दी गई। इसके बाद वे 2022 का चुनाव लड़ सके और राष्ट्रपति बने। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद भी लूला के लिए सरकार चलाना आसान नहीं होगा। ब्राजील की संसद में दक्षिणपंथी दल मजबूत हैं। जायर बोल्सोनारो की लिबरल पार्टी और उसके सहयोगियों को निचले सदन में 280 से ज्यादा और सीनेट में 50 तक सीटें मिलने का अनुमान है। ऐसे में लूला को अपने फैसले लागू कराने के लिए दूसरी पार्टियों का साथ लेना होगा। सरकारी खर्च और गरीबों को मिलने वाली मदद जैसे मुद्दों पर संसद में टकराव हो सकता है।

माना जा रहा है कि विरोधी दलों के मजबूत होने से लूला के लिए चुनावी वादे पूरे करना मुश्किल हो सकता है। चुनाव प्रचार में लूला ने गरीबों और कम आमदनी वाले परिवारों की मदद करने पर जोर दिया। उन्होंने कई वादे किए हैंः सरकारी मदद में बढ़ोतरीः गरीबों के लिए चलाई जा रही प्रमुख योजना की राशि 15% बढ़ाने का वादा।

मुफ्त सफरः शनिवार और रविवार को देशभर में सार्वजनिक परिवहन मुफ्त करने की योजना। इसे लागू करने के लिए संसद की मंजूरी जरूरी होगी।

अपराधियों और आतंकियों के नए हथियार बने ड्रोन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दक्षिण-पूर्व एशिया में सस्ते ड्रोन अपराधियों और आतंकी संगठनों के नए हथियार बन गए हैं। इनका इस्तेमाल ड्रग्स तस्करी, जेलों में प्रतिबंधित सामान पहुंचाने, सैन्य ठिकानों की जासूसी और गिरफ्तारी से बचने पुलिस पर नजर रखने के लिए किया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, क्षेत्र के सात देशों में ड्रोन से जुड़ी अवैध गतिविधियां सामने आई हैं। अगस्त 2026 तक दर्ज मामलों में 86% ड्रग्स तस्करी से जुड़े थे। थाईलैंड में 4,583 ड्रोन जब्त किए गए, जबकि मलेशिया में 2024 के दौरान ड्रोन से जेलों में ड्रग्स पहुंचाने के 55 मामले सामने आए। म्यांमार में सशस्त्र संगठनों ने 600 जगहों पर 2,100 ड्रोन हमले किए। वहीं, इंडोनेशिया से सीरिया में आतंकियों तक ड्रोन के पुर्जे पहुंचाने वाला नेटवर्क भी पकड़ा गया। स्टडी के अनुसार, चीन में बने ड्रोन और उनके पुर्जों की सामान्य कारोबारी नेटवर्क, यात्री विमानों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए दूसरे देशों में तस्करी की कोशिशें हुई हैं।

ईरान के पास परमाणु हथियार होना बड़ा खतरा; विपक्ष बोला- डर फैला रहे पीएम

नेतन्याहू ने इजराइल में बम गिरने की एआई तस्वीर पोस्ट की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को अकसे बनी इजराइल में परमाणु बम गिरने की तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने ईरान के परमाणु हथियार हासिल करने को इजराइल के लिए बड़ा खतरा बताया।

नेतन्याहू ने यह तस्वीर इजराइली लेखक और राजनीतिक टिप्पणीकार युवाल ब्लूमबर्ग के बयान के साथ साझा की। इस बयान में लिखा है कि इजराइल के सामने अस्तित्व का खतरा है। अगर ईरान ने परमाणु हथियार हासिल कर लिए, तो बाकी किसी चीज का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। ईरान से पैदा होने वाले खतरे के सामने बाकी सभी मुद्दे मामूली हैं। वहीं, विपक्षी नेता यायर गोलान ने आरोप लगाया कि नेतन्याहू लोगों में डर फैला रहे हैं। यह पोस्ट इजराइल में 27 अक्टूबर को होने वाले चुनाव से दो दिन पहले आई है।

पोस्ट में कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के कार्यकाल में इजराइल के पास ईरान के खतरे से निपटने के लिए सिर्फ दो साल और हैं। दरअसल, 2 साल बाद यानी 2028 को ट्रम्प का कार्यकाल खत्म हो जाएगा। इसमें इजराइल की घरेलू राजनीति में चल रहे विवादों को देश की सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती से ध्यान भटकाने वाला बताया गया। पोस्ट में कतर, अति-धार्मिक यहूदी समुदाय, सेना में अनिवार्य भर्ती और चेतावनियों जैसे मुद्दों का जिक्र किया गया। लेकिन पोस्ट में सवाल उठाया गया कि अगर इजराइल पर दो परमाणु बम गिर जाएं, तो इन विवादों की परवाह कौन करेगा।

दरअसल, नेतन्याहू की सरकार को कई मुद्दों पर घेरा गया है। इसमें 7 अक्टूबर 2023 के हमास हमले को रोकने में नाकामी की जांच न होना, यहूदियों को सेना में भर्ती से छूट, सुप्रीम कोर्ट की ताकत कम करने की कोशिश और युद्ध खत्म कर देश की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। नेतन्याहू चुनाव प्रचार के दौरान लगातार ईरान के खतरे को प्रमुख मुद्दा बनाते रहे हैं। उनका कहना है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना इजराइल की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए।

विपक्षी नेता बोले- प्रधानमंत्री को सोशल मीडिया से दूर रखें

डेमोक्रेट्स पार्टी के अध्यक्ष यायर गोलान ने नेतन्याहू की पोस्ट की आलोचना की। इजराइली मीडिया 'वाई-नेट' को मुताबिक, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और उनके आसपास के लोगों का संतुलन बिगड़ गया है और उन पर दबाव बढ़ रहा है। गोलान ने कहा इजराइल के प्रधानमंत्री ने तेल अवीव पर परमाणु बम गिरने की तस्वीर पोस्ट की है। मैं मांग करता हूं कि उन्हें सोशल मीडिया से दूर रखा जाए।

उन्होंने चुनाव का जिक्र करते हुए कहा, '27 अक्टूबर को हम डर फैलाने वालों को सत्ता से हटाएंगे और इजराइल में सुरक्षा और समझदारी को वापस लाएंगे।' नेतन्याहू ने युवाल ब्लूमबर्ग का बयान साझा किया, वे राजनीतिक टिप्पणीकार और लेखक हैं। वे 2023 में प्रकाशित अपनी किताब 'द ओस्लो ट्रैपः फ्रॉम ड्रीमिंग ऑफ पीस टू अ ब्लडबाथ' के लिए जाने जाते हैं। इस किताब में उन्होंने 1993 के ओस्लो समझौते के पीछे की बातचीत, राजनीतिक खींचतान और इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष पर उसके असर की समीक्षा की है। ब्लूमबर्ग ने किताब में तर्क दिया है कि शांति की उम्मीद के साथ किए गए इस समझौते के बाद इजराइल में आतंकवादी हमले बढ़े और शांति की उम्मीद कमजोर पड़ी।

■ वर्ष-12 अंक-352 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

विद्याविनयोपेतो हरति न चेतांसि कस्य मनुजस्य।
कांचनमणिसंयोगो नो जनयति कस्य लोचनानन्दम्।।

भावार्थ : किस आदमी का दिमाग एक विद्वान और विनम्र आदमी को नहीं लूटता है? सोना और रत्न का संयोग किसकी आंखों को सुख नहीं देता?

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 26 अक्टूबर, 2026

द्विचक्रिकायां वस्तु क्षेपणं, धमकीप्रदानं च अन्तर्भवति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

आरोपेषु कस्यचित् कर्मचारीनः द्विचक्रिकायां वस्तु क्षेपणं, धमकीप्रदानं च अन्तर्भवति। पीडितायाः एकस्य कर्मचारीयाः अपि दुर्व्यवहारः अभवत् इति प्रतिवेदनानि सूचयन्ति। पुलिस-अनुसारं अभियुक्तः-यः प्रायः त्रयः दिवसाः पूर्वं जेलतः मुक्तः अभवत्--कर्मचारिणं प्रति अपशब्द-भाषां प्रयुज्य तस्य मोटरसाइकिलस्य उपरि वस्तु क्षिप्तवान् अभियुक्तः कर्मचारीं मारयिष्यामि इति धमकीम् अपि दत्तवान् इति आरोपाः अपि सन्ति। एतत् ज्ञायते यत् राजलचौबे इत्यनेन एकदिनपूर्वं यादवकालोनीपुलिसचौकीयां एतस्याः घटनायाः विषये शिकायतां कृतम् आसीत्।

राशिफल

मेष : मेष राशि वालों का दिन लाभकारी रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। लेकिन आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

वृषभ : वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन सकारात्मक परिणाम दिलाएगा। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें।

मिथुन : मिथुन राशि वालों को आज नौकरी-चाकरी में तरक्की मिल सकती है। किसी शुभ समाचार की प्राप्ति से मन प्रसन्न रहेगा।

कर्क : कर्क राशि वालों को आज महत्वपूर्ण कार्यों को टाल देना चाहिए। धन से जुड़ा कोई फैसला न लें।

सिंह : सिंह राशि वालों का आज मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा।

कन्या : कन्या राशि वालों की आज वाणी में मधुरता रहेगी। पर, मन परेशान भी हो सकता है।

तुला : तुला राशि वालों का आज आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें।

वृश्चिक : वृश्चिक राशि वालों का आज कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय के साधन भी बनेंगे।

धनु : धनु राशि वालों का आज मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। आर्थिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

मकर : मकर राशि वालों को आज धन लाभ के योग बन रहे हैं। हालांकि किसी बात को लेकर मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे।

कुंभ : कुंभ राशि वालों के आज आत्मविश्वास में कमी रहेगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

मीन : मीन राशि वालों का आज मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में संयत रहें।

सम्पादकीयम्

पुरुषः क्षुधार्तः पशुः, स्त्री च तस्य भोजनम्!

किमर्थं बालिका तत्र गता? एषः एव सम्भवतः प्रथमः एव प्रश्नः अस्माभिः पृच्छितुं शिक्षितः। अपराधिना बलात्कारः किमर्थं कृतः इति पृच्छितुं अद्यापि कठिनं दृश्यते। आस्थाकुञ्जघटना अस्याः एव मानसिकतायाः दर्पणं धारयति। स्त्रियः स्वगृहेषु एव निरुद्धं करणं न अभयम्; पराजयस्य स्वीकारः एव। वास्तविकः प्रश्नः अस्ति यत्–अपराधिनः किमर्थं न निवारिताः? किमर्थं च तु बालिका एव निरुद्धा भवति? यदि क्षुधार्तस्य पुरतः भोजनं स्थाप्यते तर्हि ते स्वाभाविकतया तत् खादिष्यन्ति। बलात्कारसदृशस्य घटनायाः अनन्तरं समाजस्य मानसिकतां अवगन्तुं सम्भवतः अस्मात् अधिकं शीतलं कथनस्य आवश्यकता नास्ति। एतत् हि एकमेव वाक्यं सम्पूर्णां मानसिकतां समाहितं करोति यत्, पुनः पुनः, अपराधिनः अपराधं प्रश्नं कर्तुं अपेक्षया कस्मिन्चित् स्थाने स्त्रियाः उपस्थितिम् अधिकं प्रश्नं करोति। बालिका किमर्थं तत्र गता? सायंकाले बहिः गन्तुं किं आवश्यकता आसीत्? सा एतावत् विलम्बेन उद्याने किं कुर्वती आसीत्? सा गृहे एव तिष्ठितुं न शक्नोति स्म वा? अधुना च स्थितिः एतावत्पर्यन्तं प्राप्ता यत् महिलानां सुरक्षां सुनिश्चित्य दिल्लीनगरस्य उद्यानेषु बीएसएफ-कर्मचारिणः नियोजिताः सन्ति। अस्य अर्थः अस्ति यत् अस्माकं सीमां शत्रुभ्यः रक्षति यत् बलं तत् एव इदानीं राजधानी-उद्यानेषु महिलानां रक्षणं करोति-पुरुषेभ्यः! सुरक्षा अवश्यमेव आवश्यकी, परन्तु प्रश्नः अस्ति यत् वयम् अत्र कथं समाप्ताः? तथा च यदि प्रतिवारं समाधानं बालिकायाः स्वतन्त्रतायाः न्यूनीकरणं भवति-सायंकाले तां बहिः न गन्तुं ददातु, उद्याने न उपविष्टुं ददातु, एकान्ते न गन्तुं ददातु-तर्हि कदाचित् अग्निमः सोपानः अपि स्पष्टः अस्ति।

अस्य तात्पर्यं यत् वार्तासङ्गहे व्यावसायिकस्वतन्त्रतायाः

प्रशस्तं-केवलं उत्तमं चित्रं वा भिडियो वा गृहीतुं-यत्र चोटस्य वा जनसमूहे फसितुं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली



अस्य तात्पर्यं यत् वार्तासङ्गहे व्यावसायिकस्वतन्त्रतायाः व्यक्तिगतसुरक्षायाश्च सन्तुलनं स्थापनीयम्। यद्यपि घटनास्थले उपस्थितः प्रतिवेदनार्थं महत्त्वपूर्णः अस्ति तथापि तस्मिन् स्थाने एव स्थातुं न प्रशस्तं-केवलं उत्तमं चित्रं वा भिडियो वा गृहीतुं-यत्र चोटस्य वा जनसमूहे फसितुं वा जोखिमः वर्धते। पुलिस-अवरोधकेषु वा वाहनेषु वा कॅमेरा-स्थापनं परिहरन्तु। जनसमूहस्य अन्तः पत्रकारस्य स्थितिः, यस्मात् दिशि ते कस्यापि घटनायाः अभिलेखनं कुर्वन्ति, सा तेषां सुरक्षां प्रत्यक्षतया प्रभावितं कर्तुं शक्नोति। परिषद् पत्रकारैः द्वन्द्वक्षेत्रेभ्यः समुचितं सुरक्षितं च दूरं स्थापयितुं सल्लाहं दत्तवती अस्ति। यदा जनसमूहस्य अन्तः तनावः वर्धते अथवा यदा पुलिसकायार्णां सम्भावना भवति तदा विशेषतया सतर्कता आग्रही भवति। मार्गदर्शिकासु स्पष्टं भवति यत् पुलिस-अवरोध-वाहन-आदि-सरकारी-सम्पत्तौ कॅमेरा-यंत्रं वा रिकार्डिङ्ग-उपकरणं वा एतादृशेन प्रकारेण न संलग्नं भवेत् यत् गतिं बाधते वा क्षतिं वा जनयति जनसमूहस्य मध्ये गच्छन् पतनस्य वा पदातितस्य वा जोखिमं न्यूनीकर्तुं लघु-सावधान-पदं स्वीकुर्वन्तु।

पत्रकाराः अपि स्वपरिवेशस्य निरन्तरं मूल्याङ्कनं कर्तुं आग्रहं कुर्वन्ति। तेषां निरीक्षणं करणीयम् यत् आन्दोलनकारिणः कस्मिन् दिशि गच्छन्ति, विपक्षीयसमूहानां स्थानानि, पुलिसकार्याणि कथं पर्यावरणं परिवर्तयन्ति इति च। सुरक्षितं दूरं स्थापयितुं न केवलं पत्रकारस्य चोटतः रक्षणं अपितु तेषां उपस्थितिः अन्येषां गतिं न बाधते इति सुनिश्चित्य अपि भवति। जनसमूहे प्रवेशात् पूर्वं निर्गमनमार्गं निर्धारयन्तु। विरोधस्थले परिस्थितयः द्रुतगत्या परिवर्तयितुं शक्नुवन्ति। जनसमूहस्य व्यवहारः, कोलाहलस्तरः, व्यक्तिनां क्रियाः, आकस्मिकसङ्घर्षः वा शीघ्रमेव स्थितिं वर्धयितुं शक्नोति। प्रेस काउन्सिल पत्रकाराः स्वपरिवेशस्य विषये निरन्तरं सतर्काः भवन्तु इति सल्लाहं ददाति। मार्गदर्शिकानुसारं पत्रकारैः पूर्वमेव ज्ञातव्यं यत् आवश्यकता अस्ति चेत् सुरक्षितरूपेण निर्गन्तुं केषां मागार्नाम् उपयोगेन गन्तुं शक्नुवन्ति। समीपस्थनिर्गममार्गाः, मुक्तमार्गाः, पदमार्गाः, सुरक्षितक्षेत्राणि च चिन्तयितुं अत्यावश्यकम्। यदि परिस्थितयः परिवर्तन्ते तर्हि निष्कासनयोजना... योजनायाः पुनः समीक्षा अपि करणीयम्। अश्रुगैसः धूमः वा सम्बद्धेषु परिस्थितिषु पत्रकाराः स्पष्टतया दृश्यमानानां सुरक्षाचिह्नानां, निर्दिष्टमार्गाणां च अनुसरणं कृत्वा प्रभावितक्षेत्रात् निर्गन्तुं सल्लाहं ददति। जनसमूहे अधिकं गमनम् अथवा अन्तः स्थातुं न अपितु सुरक्षितनिष्कासनस्य प्राथमिकतायां बलं दत्तम् अस्ति। एते निदेर्शाः व्यावहारिकरूपेण महत्त्वपूर्णाः सन्ति यतोहि पत्रकाराः प्रायः उत्तमं दृश्यं प्राप्तुं वा प्रकटितघटनानां विषये अधिकानि सूचनानि संग्रहीतुं वा कस्मिंश्चित् दृश्ये विलम्बं कुर्वन्ति। परिषदः अनुसारं व्यक्तिगतसुरक्षासुनिश्चिततायाः आवश्यकतायाः च प्रतिवेदनस्य आवश्यकतानां सन्तुलनं कुर्वन् जोखिमस्य तत्त्वं न अवहेलनीयम्। प्राथमिकचिकित्सा आवश्यकसामग्री च वहनविषये सल्लाहः प्रेस काउन्सिलः अनुशंसति यत् विरोधान् आच्छादयन्तः पत्रकाराः लघु आपत्कालीनसामग्रीम् वहन्तु।

भूमिका स्पष्टा भवति तर्हि

श्रोतारः, कलाकाराः मञ्चाः च यस्मिन् सन्दर्भे सङ्गीतस्य निमार्णं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भूमिका स्पष्टा भवति तर्हि श्रोतारः, कलाकाराः, मञ्चाः च यस्मिन् सन्दर्भे सङ्गीतस्य निमार्णं जातम् इति अवगन्तुं अधिकतया सुसज्जिताः भविष्यन्ति परन्तु गीते अकलेबलस्य उपस्थित्या एव तस्य प्रतिलिपिधर्मः, स्वामित्वं, रॉयल्टी-स्थितिः वा स्वयमेव न निर्धार्यते। एतादृशेषु विषयेषु विशिष्टविनियमाः, अनुबन्धाः, प्रयोज्यकानूनीरूपरेखाः च आवश्यकाः भवन्ति-विशेषतः यदा सङ्गीतस्य अधिकारस्य, कलाकारानां स्वरस्य, अथवा एआइ-उपकरणानाम् प्रशिक्षणार्थं प्रयुक्तानां शैलीगततत्त्वानां विषये विवादाः उत्पद्यन्ते

किं एआइ लेबल् श्रवण-अनुभवं परिवर्तयिष्यति? प्रारम्भे एषः परिवर्तनः श्रोतृभ्यः लघुसूचकात् अधिकं किमपि न दृश्यते, तथापि सङ्गीतं कथं गृह्यते इति परिवर्तनं कर्तुं शक्नोति। अधुना यावत् अधिकांशजनाः गीतस्य रागस्य, स्वरस्य, गीतस्य, लोकप्रियतायाः च आधारेण स्वस्य प्राधान्यानि निर्मितवन्तः। एआइ लेबलिंग् इदानीं सङ्गीतस्य पृष्ठतः सृजनात्मकप्रक्रियायाः अन्वेषणं दातुं शक्नोति स्म। केचन श्रोतारः मानवसृजनशीलतायां मूलभूतं सङ्गीतं, कलाकारस्य व्यक्तिगत-अनुभवं च प्राथमिकताम् अददात्, अन्ये तु एआइ-जनित-नवीन-धुन-प्रयोगेषु रुचिं प्राप्नुवन्ति एतादृशस्य लेबलिंग् इत्यस्य उद्देश्यं न तु एकस्य प्रकारस्य सङ्गीतस्य अन्यस्मात् श्रेष्ठं वा हीनं वा इति, अपितु श्रोतृभ्यः अधिकं पारदर्शिता प्रदातुं भवति।

पैरा एशियन गेम्स- क्लोजिंग सेरेमनी में निशाद-मोना ने तिरंगा थामा

भारत मेडल टैली में चौथे नंबर पर रहा, 114 मेडल जीते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



एशियन पैरा गेम्स 2026 की क्लोजिंग सेरेमनी खत्म हो गई है। जापान के नागोया में शनिवार को हुए क्लोजिंग सेरेमनी में निशाद कुमार और मोना अग्रवाल ने तिरंगा थामा।

भारत ने इस बार रिकॉर्ड 114 मेडल जीते और मेडल टैली में चौथे स्थान पर रहा। यह एशियन पैरा गेम्स में भारत का अब तक का बेस्ट प्रदर्शन है। इससे पहले 2022 हांगझोउ गेम्स में भारतीय दल ने 108 मेडल जीते थे।

चीन 435 मेडल के साथ टॉप पर रहे- चीन 435 मेडल के साथ पहले स्थान पर रहा। मेजबान जापान ने 186 मेडल जीतकर दूसरा और उज्बेकिस्तान ने 145 मेडल के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। साउथ कोरिया 100 मेडल के साथ पांचवें स्थान पर रहा। उसने आखिरी दिन 3 मेडल जीते, लेकिन इनमें सिर्फ 1 गोल्ड था। इससे भारत चौथे स्थान पर बना रहा।

अगला एशियन गेम्स 2030 में दोहा में होगा- जापान में पहली बार हुए इन गेम्स में 45 देशों के करीब 4,000 खिलाड़ियों और स्टाफ ने हिस्सा लिया। एशियन पैरा गेम्स का पहला एडिशन 2010 में चीन के ग्वांगझू में हुआ था। अब 2030 में छठे एशियन पैरा गेम्स की मेजबानी दोहा करेगा।

निशाद कुमार ने हाई जंप और लॉन्ग जंप में गोल्ड जीते- निशाद कुमार ने 2026 एशियन पैरा गेम्स में हाई जंप और लॉन्ग जंप में गोल्ड मेडल जीते। निशाद टोक्यो और पेरिस पैरालिंपिक में सिल्वर मेडल जीत चुके हैं।

मोना ने एशियन पैरा गेम्स 2026 में दो गोल्ड जीते- मोना ने जापान के आइची-नागोया में हुए एशियन पैरा गेम्स 2026 में दो गोल्ड मेडल जीते। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग रल्1 स्पर्धा में 250 अंक के साथ गेम्स रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस रल्1 स्पर्धा में 357.5 अंक हासिल कर गोल्ड जीता और वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

राष्ट्रपति ने पैरा एथलीटों को बधाई दी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारत के रिकॉर्ड 114 मेडल जीतने पर खुशी और गर्व जताया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, लगन और खुद पर भरोसे ने यह असाधारण सफलता दिलाई है। उनका प्रदर्शन युवाओं को चुनौतियों से न घबराने, बड़े सपने देखने, समर्पण के साथ मेहनत करने और सकारात्मक बने रहने की प्रेरणा देता है।

ज्योतिष/वास्तु

नौकरी-बिजनेस से लेकर परीक्षा तक मिलेंगे अच्छे परिणाम

शनि की सीधी चाल से इन 3 राशि वालों को होगा बड़ा लाभ



शनि की मार्गी चाल से कुछ राशि वालों को करियर और कारोबार में लाभ मिलने की संभावना है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं, वहीं विद्यार्थियों को भी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने की उम्मीद रहेगी। आइए जानते हैं, किन तीन राशियों के लिए शनि की सीधी चाल शुभ मानी जा रही है।

शनि देव जल्द ही मीन राशि में रहते हुए मार्गी होने जा रहे हैं। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 11 दिसंबर 2026 को शनि मीन राशि में सीधी चाल चलेंगे। ज्योतिष शास्त्र में शनि की चाल में होने वाले बदलाव को महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि शनि की मार्गी अवस्था का प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के जीवन पर पड़ सकता है। इस दौरान कुछ लोगों को लंबे समय से चल रही परेशानियों से राहत मिलने की उम्मीद रहेगी, तो कुछ को अपने प्रयासों का बेहतर परिणाम मिल सकता है। ज्योतिष में शनि को कर्म, अनुशासन, मेहनत और न्याय का कारक ग्रह माना जाता है। ऐसे में शनि की सीधी चाल को उन लोगों के लिए खास माना जा रहा है, जो लंबे समय से मेहनत कर रहे हैं और अपने काम में सफलता पाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस दौरान नौकरी और कारोबार में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

कर्क राशि- कर्क राशि वालों के लिए शनि की मार्गी चाल अनुकूल परिणाम लेकर आ सकती है। इस दौरान भाग्य का साथ मिलने से आपके कई रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। लंबे समय से जिस काम में बाधाएं आ रही थीं, उसमें धीरे-धीरे प्रगति देखने को मिल सकती है। इस सम कोई बड़ा सपना पूरा हो सकता है। आय के नए स्रोत मिलने या किसी पुराने निवेश से लाभ होने की संभावना है। परिवार में आपके लिए खुशियों का माहौल बना रहेगा। नौकरी बदलने और कारोबार में कुछ नया करने में आपको कामयाबी मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत को पहचान मिल सकती है और तरक्की के नए रास्ते खुल सकते हैं।

सिंह राशि- सिंह राशि वालों के लिए शनि की सीधी चाल सकारात्मक बदलावों का संकेत दे सकती है। इस दौरान आपको अपनी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने की संभावना है। नौकरी करने वाले जातकों को कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। काम की भी स्थिति में बेहतर सुधार देखने को मिलेगा। कारोबार में आपको विस्तार का लाभ मिल सकता है। नौकरी को लेकर सभी प्रयास भी आपके सफल होंगे। किसी नई योजना पर काम शुरू करने या पहले से चल रहे काम को आगे बढ़ाने के अवसर मिल सकते हैं।

मकर राशि- मकर राशि वालों के लिए शनि की मार्गी चाल करियर के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। नौकरी की तलाश कर रहे जातकों को मनचाहे अवसर मिल सकते हैं। कारोबार करने वाले जातकों को अपने काम का विस्तार करने और नई योजनाओं से लाभ कमाने के अवसर मिल सकते हैं। कोई अपना बड़ा उपहार आपके लिए लेकर आ सकता है। विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों के लिए भी यह समय मेहनत पर ध्यान देने वाला रहेगा।

पीवी सिंधु फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचीं

हिना अकीची को हराया, अब वर्ल्ड नंबर-1 यंग से खिताबी मुकाबला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में जापान की हिना अकीची को हराया। 31 साल की सिंधु ने वर्ल्ड नंबर-22 अकीची को 21-10, 20-22, 21-16 से मात दी। यह मुकाबला एक घंटे 13 मिनट चला। फाइनल में सिंधु का सामना कोरिया की वर्ल्ड नंबर-1 एन से यंग से होगा। सिंधु ने इससे पहले जुलाई में जापान ओपन का खिताब जीता था।

पहला गेम 21-10 से जीता- पहले गेम में मुकाबला 4-4 और 8-8 की बराबरी तक पहुंचा। इंटरवल तक सिंधु ने 11-9 की बढ़त बना ली। इसके बाद सिंधु ने रफ्तार बढ़ाई और आखिरी 12 में से 11 पॉइंट जीते। उन्होंने 18 मिनट में पहला गेम 21-10 से अपने नाम किया।

अकीची ने दूसरा गेम जीता- दूसरे गेम में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिंधु चार पॉइंट से पीछे चल रही थीं। उन्होंने रफ्तार बढ़ाकर स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया। दोनों खिलाड़ी 10-10 तक बराबरी पर रहीं, इसके बाद अकीची ने बढ़त बना ली। वर्ल्ड नंबर-11 सिंधु ने 14-14 पर वापसी की। अकीची ने फिर वापसी की और गेम पॉइंट हासिल कर लिया। अकीची ने दूसरा गेम 22-20 से जीत लिया।

तीसरा गेम में सिंधु का दबदबा

तीसरे गेम में सिंधु ने 5-3 की बढ़त के साथ शुरूआत की। अकीची ने वापसी करते हुए 6-5 की बढ़त बना ली। सिंधु ने फिर वापसी की और इंटरवल तक दो पॉइंट की बढ़त बना ली। अकीची के नेट पर गलती करने से सिंधु ने 18-16 की बढ़त बना ली। सिंधु ने आखिरी गेम 21-16 से जीता। इस जीत के साथ उन्होंने फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई।



यंग से अब तक नहीं जीती हैं सिंधु - साउथ कोरिया की एन से यंग का सिंधु के खिलाफ रिकॉर्ड 10-0 है। दोनों के बीच अब तक 10 मुकाबले हुए हैं और सभी में यंग ने जीते है।

किरोन पोलार्ड मुंबई इंडियंस के हेड कोच बने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर किरोन पोलार्ड आईपीएल 2027 के लिए मुंबई इंडियंस के हेड कोच बनाए गए हैं। फ्रेंचाइजी ने शनिवार, 24 अक्टूबर को इसकी घोषणा की। 39 साल के पोलार्ड पिछले 16 साल से मुंबई की टीम से जुड़े हुए हैं।

वे 2009-2010 में टीम से जुड़े थे और 2022 तक सिर्फ मुंबई इंडियंस के लिए खेलते रहे। उन्होंने टीम की ओर से 5 आईपीएल टाइटल जीते हैं। पोलार्ड श्रीलंका के महेला जयवर्धने की जगह लेंगे। महेला जयवर्धने ने 17 अक्टूबर को हेड कोच का पद छोड़ दिया था। मुंबई इंडियंस ने कहा कि पोलार्ड की नियुक्ति टीम की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए है। वे टीम के बैटिंग कोच भी रह चुके हैं। पोलार्ड ने 2022 में अपना आखिरी आईपीएल मैच खेला था। उन्होंने मुंबई के लिए 189 आईपीएल मैचों में पोलार्ड ने 3,412 रन बनाए। पोलार्ड का स्ट्राइक रेट 147.32 और औसत 28.67 रहा। उन्होंने 16 अर्धशतक लगाए। पोलार्ड ने 69 विकेट भी लिए।

खबर एक नजर...

मोटर चोरी की बात को लेकर 2 पक्षों में विवाद

उज्जैन। तराना थाना क्षेत्र के ग्राम बघेरा में संजय पिता कैलाशचंद्र पंड्या औश्र चंदरसिंह पिता लक्ष्मणसिंह मोंगिया के बीच खेत पर लगी पानी की मोटर चोरी करने की बात पर विवाद हो गया। दोनों ओर से मारपीट हुई। संजय की ओर से उसका भाई अर्जुन घायल हो गया। वहीं चंदर की ओर से रमेश पिता शंकरलाल, संजय पिता लक्ष्मीनारायण मोंगिया निवासी ग्राम छडावद और राजाराम पिता धुलजी निवासी सार्थक नगर उज्जैन घायल हुये। रमेश और संजय को उपचार के लिये उज्जैन लाया गया। जहां रमेश ने बताया कि वह चंदर मोंगिया के यहां अपने भतीजे संजय का रिश्ता तय करने गया था। उसी दौरान चंदर के पड़ोसी संजय पंड्या और उसके परिवार ने हमला किया। उनका विवाद से कोई लेना देना नहीं था। तराना पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

पत्नी की आत्महत्या के मामले में पति गिरफ्तार

उज्जैन। पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम मोरूखेड़ी में रहने वाली कविता चंदेल 27 साल ने एक माह पहले घर में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मामले की जांच शुरू की थी। कविता 2 बच्चों की मां थी, मायके पक्ष के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि कम उम्र में शिवशंकर उर्फ रामगोपाल चंदेल से शादी की थी। शिवशंकर शराब पीने का आदी हो चुका था और कविता पर चरित्र शंका कर मारपीट करता था। पति की मारपीट से परेशान होकर उसने आत्महत्या की है। पुलिस ने बयान और जांच में आये तथ्यों के आधार पर एक माह बाद पति के खिलाफ प्रताड़ित करने का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसे सोमवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

कायथा स्वास्थ्य केन्द्र 24 घंटे खुला रखने के प्रयास



उज्जैन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का कार्यभार संभालने के बाद डॉ. विक्रम रघुवंशी द्वारा लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर उपचार मिल सके इसके निर्देश दिये जा रहे है। शनिवार रात डॉ. रघुवंशी टीम के साथ कायथा और ताजपुर स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान सामने आया कि कायथा स्वास्थ्य केन्द्र शाम 5 बजे बंद हो जाता है। यहां स्टॉफ की कमी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रघुवंशी ने कायथा स्वास्थ्य केन्द्र की पूरी जानकारी प्राप्त की और केन्द्र को 24 घंटे खुला रखने के लिये भोपाल स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर सभी व्यवस्थाओं को पूरा कराने की बात कहीं। कायथा से ताजपुर स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे डॉ. रघुवंशी ने यहां की व्यवस्था को सही पाया लेकिन सफाई और रिकार्ड अपडेट करने के निर्देश अधिनस्थों को दिये। शुक्रवार को उनके द्वारा इंगोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और खरसोदखुर्द उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर, गर्भवती पंजीयन, हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन, आयुष्मान कार्ड, ओपीडी, दवाई वितरण लेब आदी की व्यवस्था देखकर शत प्रतिशत प्रगति के निर्देश दिये थे।

खेत से जहरीला पदार्थ खाकर घर लौटे युवक की मौत

उज्जैन। ग्राम सुमराखेड़ा कायथा में रहने वाला जितेन्द्र पिता कालूराम चौहान 32 साल शनिवार सुबह खेत पर गया था। दोपहर में घर लौटा तो उल्टियां करने लगा और बेसुध हो गया। परिवार ने पूछताछ की तो उसने जहरीला पदार्थ खाना बताया। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिये गांव के स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर उज्जैन रैफर किया गया। परिवार ने उज्जैन लाने के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रविवार तड़के जितेन्द्र की मौत हो गई। मामले में माधवनगर थाना पुलि ने पोस्टमार्टम कराया है। जांच कायथा थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

परिजन कमरे में पहुंचे तो फंदे पर लटका था युवक


उज्जैन। घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम सजनखेड़ा में रहने वाले 26 वर्षीय रोहित पिता लक्ष्मण सोलंकी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन कमरे में पहुंचे तो उसे लटका देखा। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को फंदे से उतारा गया। प्रारंभिक जांच में रोहित के फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है। फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार परिजनों के बयान और मतृक के मोबाइल की कॉल डिटेल देखने के बाद ही फांसी लगाने का कारण सामने आ पायेगा।

1 7 8

नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहे का पुल बनकर तैयार, आवागमन भी शुरू

लोगों को जाम से मिलेगा छुटकारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहे पर बन रहे पुल का काम पूरा हो गया है और आज से पुल पर आवागमन भी शुरू हो जाएगा। पुल पर आवागमन शुरू होने से इस क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में काफी हद तक सुधार हो जाएगा।

पुल बनने से इस क्षेत्र के रहवासियों ने भी राहत की सांस ली है नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहे पर पिछले डेढ़ 2 साल से पुल के निर्माण का कार्य चल रहा था इस कारण इस मार्ग के आवागमन को भी डायवर्ट किया गया था पुल निर्माण कार्य की वजह से इस मार्ग पर आवागमन भी कई बार बंद हो गया था साथ ही नानाखेड़ा चौराहे से शांति पैलेस चौराहे तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य की वजह से इस मार्ग पर भी पिछले दिनों आवागमन बंद था ऐसे में यहां की यातायात व्यवस्था भी बिगड़ी हुई थी और प्रतिदिन वाहनों का लंबा जाम लग रहा था लेकिन नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहा पर बन रहे पुल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। और आज एक तरफ की भुजा पर आवागमन भी शुरू कर दिया जाएगा। जिससे यहां की यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा।

पुल का निर्माण कर रही कंपनी के अधिकारियों ने बताया है कि पुल बनकर तैयार हो गया है 290 मीटर के इस पुल पर आज से आवागमन भी शुरू कर दिया जाएगा। शुरूआत में पुल के एक तरफ की भुजा पर ही आवागमन शुरू किया जाएगा। दुसरी तरफ के हिस्से में कुछ काम बाकी है जिसे पूरा करने के बाद पुल के दोनों तरफ आवागमन शुरू कर दिया जाएगा। पिछले 2 साल से नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहे पर पुल का निर्माण कार्य चल रहा था ऐसे में इंदौर, बड़नगर बाईपास, नानाखेड़ा, व महाकाल व हरीफाटक की तरफ से आने वाले वाहन शांति पैलेस चौराहे पर आकर गुत्थम-गुत्था होते थे और प्रतिदिन लंबा जाम लगता था कई बार वाहन चालक जल्दी निकलने की होड में आपस में टकरा जाते थे और विवाद की स्थिति भी निर्मित होती थी लेकिन अब पुल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है और आज से आवागमन भी शुरू हो जाएगा जिससे यहां की यातायात व्यवस्था भी सुधर जाएगी ओर लोगों को जाम से भी छुटकारा मिलेगा।

एडीजी-एसपी की कंट्रोलरूम पर अधिनस्थों के साथ चर्चा

सिंहस्थ 2028: सुरक्षा-व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन पर मंथन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



बाबा महाकाल की नगरी में मोक्षदायिनी क्षिप्रा किनारे सिंहस्थ 2028 का आयोजन होने जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था के साथ भीड़ प्रबंधन की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन पर होगी। जिसको लेकर पिछले छह माह से कार्ययोजना तैयार की जा रही है। रविवार को एडीजी राकेश गुप्ता और एसपी प्रदीप शर्मा ने अधिनस्थों के साथ चर्चा कर मंथन किया।

पुलिस कंट्रोलरूम सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर आयोजित की गई बैठक के दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने अधिनस्थों के साथ सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, वाहनों की पार्किंग, सुरक्षित स्नान की सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित संख्या को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया। एडीजी और एसपी ने बताया कि सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। भीड़ प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था, संवेदनशील, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की पहचान, प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती और आवश्यकता के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। स्नान पर्वों के साथ प्रमुख दिनों पर श्रद्धालुओं की संख्या में संभावित वृद्धि को देखते हुए घाटों पर प्रवेश के साथ निकास मार्गो और अन्य प्रमुख स्थलों पर भीड़ की आवाजाही को व्यवस्थित रखने के लिए योजनाबद्ध व्यवस्था महत्वपूर्ण होगी, भगदड़ जैसी अप्रिय घटनाओं की आशंका को न्यूनतम करने के प्रयास करने होगें।

आधुनिक तकनीक से निगरानी व्यवस्था पर जोर

सिंहस्थ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग महत्वपूर्ण रहेगा। जिसके लिये सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी, कंट्रोल रूम से व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग, भीड़ की स्थिति पर त्वरित प्रतिक्रिया देने वाली व्यवस्था विकसित की जा सकती है। संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने, किसी भी अप्रिय स्थिति की समय रहते पहचान करने और संबंधित अधिकारियों के बीच सूचना के आदान-प्रदान से सुरक्षा प्रबंधन को और मजबूत बनाया जा सकेगा।

यातायात-पार्किंग व्यवस्था को बना होगा सुगम

बैठक में श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग और यातायात प्रबंधन से जुड़े विषयों पर मंथन किया गया। पार्किंग स्थलों का उचित नियोजन, प्रमुख मार्गों पर यातायात का संचालन तथा आवश्यकता के अनुसार वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था महत्वपूर्ण होगी। पार्किंग स्थलों से स्नान घाटों, प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को सुविधा हो, इसके लिए स्पष्ट दिशा-सूचक संकेतक, यातायात मार्गदर्शन, सार्वजनिक परिवहन की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने की बात कहीं गई।

मुरम से भरा डंपर पलटा आगररोड पर लगा जाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगररोड पर शनिवार-रविवार रात मुरम से भरा डंपर पलटी खा गया। घटनाक्रम के बाद मार्ग पर जाम लगा गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से डंपर को खड़ा किया और आवगनम शुरू कराया। घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम नजरपुर से जैथल की ओर आ रहा मुरम से भरा डंपर अचानक पलटी खा गया। मुरम सड़क पर फैल गई, रात का समय होने पर बड़ी जनहानि नहीं हुई लेकिन बीच सड़क पर डंपर पलटने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। मार्ग उज्जैन-आगर-झालावाड़ से जुड़ा होकर हाईवे है। डंपर पलटने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से डंपर को खड़ा कर मार्ग से हटाया। रात में सड़क पर फैली मुरम भी मजदूर बुलाकर हटाई गई। जिसके बाद आवागमन शुरू हो सका। चालक का कहना था अचानक स्टेरिंग जाम होने पर डंपर पलट गया था।



तराना में पलटा लोडिंग वाहन- रविवार शाम को तराना में लोडिंग वाहन पलटी खा गया। वाहन में एक ही परिवार के 6 से 7 लोग सवार थे। घटनाक्रम में 10 साल का गोपाल पिता अर्जुन और 17 वर्षीय विशाल पिता सुभाष निवासी छोटी मायापुरी उज्जैन घायल हो गये। लोडिंग घायल गोपाल के पिता चला रहे थे। परिवार अपने पैतृक गांव खजूरिया परमार से तराना रिश्तेदारी में जा रहा था। चालक अर्जुन का कहना था कि स्टेरिंग फैल होने पर घटना हुई है।

पत्नी से बात करने पर युवक को मारे थे चाकू

जानलेवा हमले के 4 आरोपी हिरासत में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पत्नी से बात करने पर पति ने अपने 2 भाई और रिश्तेदार के साथ मिलकर युवक को चाकू मार दिये थे। युवक के गंभीर घायल होने पर पुलिस ने जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया था। शनिवार को पुलिस ने हमले में शामिल चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। जिनसे रिमांड पर पूछताछ की जा रही है।

चिमनगंज थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 3 अक्टूबर को ज्ञानेश्वरी माता मंदिर की गली ढांचा भवन में तुषार पिता विनोद भंडारी 22 वर्ष निवासी विश्वबैक कॉलोनी पर चाकू से मदन पिता रतनलाल यादव ने अपने भाई सत्या उर्फ सत्तू यादव, पवन यादव और सुमित पिता रमेश यादव के साथ मिलकर जानलेवा हमला किया था। मामले में घायल तुषार की शिकायत पर चारों के खिलाफ 109(1), 127(2), 296 (ए), 115 (2), 3(5) का प्रकरण दर्ज किया था। चारों हमला करने के बाद से लगातार फरार चल रहे थे। शनिवार को सूचना मिलने पर चारों को हिरासत में लिया गया। जिन्हे न्यायालय से पूछताछ के लिये 2 दिन की रिमांड पर लिया गया है। जानलेवा हमले का मुख्य आरोपी मदन यादव है। घायल तुषार उसकी पत्नी से बातचीत करता था। जिसके चलते दोनों पति-पत्नी में मामला तलाक तक पहुंच गया था। इसी को लेकर मदन ने जान से मारने की नियत से तुषार को चाकू मारे थे।

दबिश में मिला कच्ची शराब बनाने का महुआ लहान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अवैध शराब परिवहन के साथ कच्ची शराब बनाने के ठिकानों पर आबकारी विभाग की टीमें लगातार कार्रवाई कर रही है। रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों में दी गई दबिश के दौरान 7 लीटर कच्ची शराब के साथ 100 किलोग्रमा महुआ लहान बरामद किया गया।

आबकारी नियंत्रण कक्ष अधिकारी मुकेश रंदा ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से जिले में विभाग की अलग-अलग टीम अवैध शराब परिवहन, ब्रिकी और हाथ भट्टी पर बनने वाली कच्ची शराब को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में दबिश मार रही है। रविवार को आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के 7 प्रकरण दर्ज किये गये और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 7.92 बल्क लीटर देशी शराब, 7 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की शराब और सौ किलोग्राम महुआ लहान बरामद किया गया। उक्त कार्यवाही सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के मार्गदर्शन में की जा रही है। इस दौरान तराना में आबकारी दल द्वारा 4 प्रकरण दर्ज किए गए जिसमें तराना के आरोपी संतोष पिता छगनलाल से 10 क्वार्टर, बाबूलाल पिता गौरीशंकर से 12 क्वार्टर, जगन्नाथ पिता कालू से चेकिंग में 5 लीटर हाथभट्टी और करण पिता जगजीराव से 12 देशी शराब के क्वार्टर जप्त किये गये। बड़नगर में टीम द्वारा 2 प्रकरण दर्ज कर 2 लीटर कच्ची शराब और 100 किलोग्राम शराब बनाने का महुआ लहान बरामद हुआ, जिसे मौके पर ही नष्ट किया गया। खाचरोद में 1 प्रकरण में आरोपी धर्मेंद्र पिता धारासिंह से 1.8 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब जप्त की गई। आबकारी टीम का अभियान आगे भी लगातार जारी रखा जायेगा।

युवक पर केस दर्जकर पुलिस ने शुरू की तलाश

नकली सोना थमाकर किसानों से चांदी के असली आभूषण ठगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



किसान को बातों में उलझाकर एक युवक ने नकली सोने का हार और मोती थमाकर चांदी के असली आभूषण ठग लिये। किसान को नकली सोना होने का पता चला तो पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। मामले में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की गई है।

नागदा थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम चंदोडिया में रहने वाले किसान किशनसिंह गुर्जर का मोबाइल पर एक युवक से संपर्क हुआ था। युवक ने राजस्थान चित्तौड़गढ़ में काम के दौरान खुदाई में एक किलो सोने के मोती और हार मिलना बताया। उसने खुद का नाम राहुल प्रजापत निवासी उत्तरप्रदेश बताया। उसके द्वारा खुदाई में मिला सोना बेचने पर कुछ राशि देने की बात भी कहीं। किसान उसकी बातों में आ गया और खाचरौद से नागदा सगस महाराज के मंदिर मिलने पहुंच गया। पहले उसे 2 मोती दिये गये, किसान ने उसे सुनार को दिखाये, जो असली सोने के थे।

भरोसा कर उसने सोने के मोती और हार देने के लिये कहा और बेचने की बात कहीं। लेकिन राहुल नामक युवक ने कहा कि इतना सोना देकर तुम पर कैसे विश्वास करूं। मेरी मां को बदलने में कुछ देना होगा। किसान ने अपने घर से 3 किलो से अधिक चांदी के आभूषण लाकर राहुल को दिये और 1 किलो वजन का सोना ले लिया। जिसे बेचने सुनार के पास पहुंचा तो पता चला कि मोती नकली है। किसान के साथ धोखाधड़ी 20 सितंबर को हुई थी। उसने मामले में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच के बाद अज्ञात मोबाइल धारक युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई है। गौरतलब हो कि पूर्व में जिले में शातिर बदमाशों द्वारा खुदाई में सोना मिलने का झांसा देकर लोगों के साथ धोखाधड़ी की जा चुकी है। कुछ माह पहले माधवनगर थाना पुलिस भोजनालय चलाने वाली एक महिला के साथ हुई इसी तरह की धोखाधड़ी में झाबुआ के दंपत्ति को गिरफ्तार किया था।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com